

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

MPHIN/2021/83938

नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 264 | ग्वालियर, गुरुवार, 13 जुलाई 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


## न्यूज ट्रैक

### गीता कॉलोनी फ्लाइओवर के पास मिला लड़की का शव, इधर-उधर टुकड़ों में पड़ा था शव



**नई दिल्ली।** दिल्ली के गीता कॉलोनी में फ्लाइओवर के पास से एक महिला के शव मिलने से हड़कंप मच गया. महिला का शव कई टुकड़ों में इधर-उधर बिखरा पड़ा था. बुधवार सुबह जब पुलिस को इसकी सूचना मिली तो इस घटना ने पिछले साल दिल्ली में हुए श्रद्धा मर्डर केस की यादें ताजा कर दीं. फिलहाल दिल्ली पुलिस मौके पर पहुंच गई है और मामले की जांच शुरु कर दी है. पुलिस के मुताबिक, उन्हें बुधवार सुबह सवा नौ बजे सूचना मिली की गीता कॉलोनी फ्लाइओवर के पास कुछ मानव अंग पड़े हैं. शरीर के टुकड़ों का काटकर कई जगह बिखेरा गया था. अभी तक मृतक महिला की पहचान नहीं हो पाई है. बता दें कि पिछले साल दिल्ली के महरौली इलाके में साल 27 साल की श्रद्धा वालकर की कथित रूप से उसके बॉयफ्रेंड आफताब पूनावाला ने पहले गला दबाकर हत्या की और उसके बाद शव के 30 टुकड़े कर जंगल में इधर उधर फेंक दिया. बता दें कि दिल्ली में पिछले कुछ महीनों में हत्या कर शव के टुकड़े करने के कई मामले सामने आ चुके हैं. ऐसा ही एक मामला पिछले सप्ताह भी सामने आया था. तब पुलिस को सफदरजंग अस्पताल के पीछे जंगल में एक सड़ा-गला शव मिला था. उसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम कराया था. हालांकि, अभी यह भी पता नहीं चल सका है कि शव महिला का था या फिर किसी पुरुष का. पुलिस ने 174 सीआरपीसी के तहत मामला दर्ज कर लिया है और अभी भी शव की पहचान करने की कोशिश कर रही है. बताया गया कि ये शव करीब 15 दिन पुराना है. शव को नष्ट करने के लिए उसके ऊपर नमक डाला गया था.

### अभिनेता सिकंदर ने सुष्मिता सेन के साथ काम करने का अनुभव किया साझा



**मुंबई।** अभिनेता सिकंदर खेर ने आर्या की सह-कलाकार सुष्मिता सेन के साथ अपने मधुर संबंधों के बारे में बात की है और कहा है कि वह अब परिवार के सदस्य की तरह हो गई हैं। आर्या 3 में सिकंदर खेर तीसरी बार दौलत बनकर वापस आ रहे हैं। सीरीज आर्या और दौलत के बीच एक बहुत ही अनोखा बंधन दिखाती है। सिकंदर को लगता है कि अलग-अलग सीजन के साथ दोनों पात्रों के बीच का बंधन मजबूत हुआ है और यह उनके वास्तविक जीवन में भी दिखता है। सिकंदर ने कहा कि शो में आर्या और दौलत दोस्त नहीं हैं, वह एक रक्षक की तरह हैं, लेकिन असल जिंदगी में सुश के साथ मेरा रिश्ता लगभग एक परिवार के सदस्य जैसा है। उनके साथ काम करना अद्भुत है। वह एक सशक्त कलाकार हैं और मैंने उनके साथ काम करने के हर पल का आनंद लिया है। आर्या 3 जल्द ही डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज होगी। सिकंदर फिलहाल सर्बिया में सिटाडेल की शूटिंग कर रहे हैं।

### भारतीय-अमेरिकी ने दान दिखाकर कर चोरी को बढ़ावा देने का अपराध स्वीकार किया



**न्यूयॉर्क।** क्लीवलैंड के एक भारतीय-अमेरिकी वित्तीय योजनाकार ने गलत टैक्स रिटर्न दाखिल करने में सहायता करने और अमेरिकी सरकार को धोखा देने की साजिश रचने का दोष स्वीकार किया है। एसोसिएटेड कॉन्सेप्ट एजेंसी (एसीए) के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी राव गरुड़ पर पिछले महीने संघीय अभियोजकों ने अमीर ग्राहकों को उनकी आमदनी के हिस्से को दान दिखाकर कर आश्रय प्रदान करने का आरोप लगाया था। अदालत के दस्तावेज़ों और अदालत में दिए गए बयानों के अनुसार, गरुड़ एक योजना-एडवांस्ड लिगेसी प्लान या अल्टीमेट टैक्स प्लान - में लिप्त था जिसका उद्देश्य उच्च आय वाले व्यक्तियों को एक सह-षडयंत्रकारी द्वारा आयोजित और बेची गई योजना का उपयोग करके गैरकानूनी रूप से उनके करों को कम करने में सहायता करना था। एसीए के पूर्व मुख्य परिचालन अधिकारी ने पहले 26 सितंबर 2022 को अमेरिका को धोखा देने की साजिश का अपना अपराध स?वीकार किया था। न्याय विभाग की एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि गरुड़ और अन्य ने ग्राहकों के लिए एलएलसी या उसकी संपत्तियों पर नियंत्रण छोड़े बिना कर कटौती प्राप्त करने के एक तरीके के रूप में इस योजना की मार्केटिंग की। वर्षों से कई वकीलों द्वारा यह चेतावनी दिए जाने के बावजूद कि यह योजना अवैध है, गरुड़ ने इस योजना की मार्केटिंग की। एक वकील ने इस योजना को स्पष्ट रूप से धोखाधड़ी बताया था। ग्रुड़ और सह-साजिशकर्ता ने ग्राहकों को कर वर्ष की समाप्ति के बाद पिछली तारीख के दस्तावेजों के माध्यम से धर्मार्थ योगदान कर कटौती का दावा करने में सहायता की, ताकि ऐसा लगे कि ग्राहकों ने पिछले वर्ष में योजना को क्रियान्वित किया था। गरुड़ ने इस योजना के जरिए सरकार को 27 लाख डॉलर से अधिक के राजस्व का नुकसान पहुंचाया जिसे वह अमेरिका को क्षतिपूर्ति के रूप में वापस भुगतान करने के लिए सहमत हुआ। न्याय विभाग ने योजना को रोकने के लिए 2018 में उनके सह-साजिशकर्ता के खिलाफ एक नागरिक मुकदमा दायर किया। इसके बाद, गरुड़, उसके सह-षड्यंत्रकारी और अन्य सहयोगियों ने ग्राहकों को नागरिक सम्मन के जवाब में सरकार को सौंपने के लिए झूठे, पिछली तारीख वाले दस्तावेज़ प्रदान करके मामले में बाधा डालने की कोशिश की।

# 48 घंटे में 20 मौत, 1,000 से ज्यादा सड़कें ब्लॉक

**नई दिल्ली।** देश का पहाड़ी राज्य हिमाचल प्रदेश इन दिनों भयंकर प्राकृतिक आपदा के जद में है. यहां पिछले कई दिनों से हो रही भारी बारिश ने सामान्य जन-जीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है. बारिश यहां तबाही लेकर आई है. आलम यह है कि राज्य में चारों तरफ पानी ही पानी नजर आ रहा है. सड़के ब्लॉक हो चुकी हैं, भूस्खलन का सिलसिला जारी है. हिमाचल प्रदेश में मौसम के कहर की वजह से पिछले 48 घंटे में 20 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि आने वाले दिनों में यह आंकड़ा बढ़ भी सकता है. मौसम की मार का सबसे ज्यादा प्रभाव यातायात पर पड़ा है. सड़कें और बुनियादी ढांचा बुरी तरह से प्रभावित हुआ है. एक रिपोर्ट के अनुसार राज्य में 1,000 से ज्यादा सड़कें पूरी तरह से ब्लॉक हैं, जिनको बहाल करने का प्रयास किया जा रहा है. रिपोर्ट के अनुसार बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर के रूप में राज्य में 3,000 करोड़ से लेकर 4,000 करोड़ रुपए तक का नुकसान हुआ है. हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि सरकार बुनियादी ढांचे के दुरुस्त कर सड़क यातायात और पावर सप्लाई को बहाल करने का प्रयास कर रही है. वहीं, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री का कहना है कि अपले




72 घंटों में स्थित सामान्य हो जाएगी और सामान्य जन-जीवन फिर से पटरी पर लौट आएगा. हिमाचल प्रदेश निदेशक सुरेंद्र पॉल ने कहा कि पिछले 24 घंटे में सिरमौर, सोलन, शिमला और किन्नौर जिलों में बारिश हुई है. मंडी, कांगड़ा, कुल्लू में हल्की बारिश हुई है. आज और कल बारिश में कमी रहेगी। 14 जुलाई के आसपास मानसून फिर से सक्रिय होगा. अगले 48 घंटे में भूस्खलन की संभावनाएं हैं. हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश के बाद अचानक बाढ़ आई. एक पर्यटक ने बताया, हम 5 जुलाई से मनाली के स्नो वैली होटल में हैं। रोड टूटी पड़ी है, हमारे पास जाने का कोई रास्ता नहीं है। 2 दिन से हम यहां से जाने की कोशिश कर रहे हैं. यहां बिजली नहीं है, इंटरनेट नहीं है, बहुत दिक्कतें हो रही हैं. हिमाचल प्रदेश में नूरपुर पुलिस ने बताया कि जिले में लगातार हो रही बारिश के चलते पंडोह डैम( मंडी) से आज शाम 6 बजे से कल दोपहर 3 बजे तक पानी छोड़ा जाएगा. लोगों से अपील है कि आगामी कुछ दिनों तक निचले क्षेत्रों जैसे नदियां, नाले व डैम क्षेत्र के आसपास न जाएं. हिमाचल प्रदेश ष्टरू सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कुल्लू में कहा कि मैं कुल्लू आया हूं. स्थिति में बहुत सुधार है. लगभग 1 हजार गाड़ियां मनाली से निकल चुकी हैं. रात भर में 5 हजार में से 3-4 हजार गाड़ियां निकल जाएंगी. हमने वन वे ट्राफिक कर दिया है. मनाली जाने वाली गाड़ियों को रोका गया है, अभी सिर्फ मनाली से गाड़ियां जा रही हैं.

## चीन ने लॉन्च किया दुनिया का पहला मीथेन संचालित रॉकेट

**नई दिल्ली।** चीन की एक निजी एयरोस्पेस कंपनी ने मीथेन और तरल ऑक्सीजन द्वारा संचालित दुनिया का पहला विशाल रॉकेट लॉन्च कर दिया है. इसके साथ ही चीन ने दुनिया के सबसे अमीर शख्स एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स को इस मामले में पीछे छोड़ दिया. बता दें कि चीन की निजी एयरोस्पेस कंपनी लैंडस्पेस ने बुधवार सुबह 9 बजे (स्थानीय समयानुसार) गोबी रेगिस्तान में स्थित जिउक्वान सैटेलाइट लॉन्च सेंटर से जुके-2 नाम के रॉकेट को लॉन्च किया. इस रॉकेट की लॉन्चिंग सफल रही है और ये सफलतापूर्वक कक्षा में स्थापित हो गया है. यह उपलब्धि हासिल करने वाला ये दुनिया का पहला रॉकेट बन गया है, जो पूरी तरह से मीथेन और तरल ऑक्सीजन द्वारा संचालित है.

बता दें कि इस साल की शुरुआत में अमेरिका की रिलेटिविटी स्पेस कंपनी का टेरान 1 और स्पेसएक्स कंपनी का स्टारशिप मीथेन ऑक्सीजन से चलने वाले रॉकेट अपने पहले प्रयास में कक्षा



में पहुंचने में विफल रहे थे. इससे पहले चीनी कंपनी ने 14 दिसंबर को जुक-2 नाम के रॉकेट को लॉन्च किया था, लेकिन तब ये कक्षा में स्थापित होने में फेल हो गया. लेकिन बुधवार को चीन ने अपने दूसरे प्रयास में ये मुकाम हासिल कर लिया. गौरतलब है कि मीथेन-संचालित इंजन अपने उच्च प्रदर्शन और कम परिचालन लागत के साथ विशेष रूप से दोबारा प्रयोग करने वाले रॉकेटों की विकासशील प्रवृत्ति के लिए उपयुक्त हैं. इस टेक्नोलॉजी को रॉकेट विज्ञान के नए युग में एक नया प्रयोग माना जा रहा है. अप्रैल में स्पेस पायनियर के मीथेन संचालित तियानलोंग-2 के सफल प्रक्षेपण के बाद, जुके-2 का सफल प्रक्षेपण इस साल चीन के निजी एयरोस्पेस क्षेत्र के लिए एक बड़ी सफलता है. बता दें कि जुके-2 एक दो चरणों वाला तरल-प्रणोदक वाहक रॉकेट है, जिसमें सभी स्वतंत्र रूप से विकसित इंजन हैं. चाइना स्पेस न्यूज के अनुसार, 3.35 मीटर (10.9 फीट) व्यास वाले 49.5 मीटर (162 फीट) लंबे रॉकेट की पृथ्वी की निचली कक्षा के लिए छह टन और एसएसओ के लिए चार टन की क्षमता है. रिपोर्ट में बताया गया है कि रॉकेट के पहले चरण में चार तियानके-12 तरल ऑक्सीजन मीथेन इंजन का उपयोग किया जाता है, जो 268 टन का जोर देता है. दूसरा चरण एक तियानके-12 और एक तियानके-11 इंजन को जोड़ता है. वहीं बाद वाला दृष्टिकोण या वेग के लिए ठीक समायोजन के लिए वर्नियर थ्रस्टर के रूप में काम करता है. ञक्त-12 इंजन का परीक्षण जुलाई 2019 में शुरू किया गया था. कंपनी ने चार साल की कड़ी मेहनत के बाद बुधवार को इसे लॉन्च किया.

## धनबाद के टुंडी में आरएसएस कार्यकर्ता को गोलियों से भूना

**धनबाद।** धनबाद जिले के टुंडी में अपराधियों ने आरएसएस के कार्यकर्ता शंकर प्रसाद को गोलियों से भून डाला। वारदात मंगलवार देर रात की है, लेकिन इसका जानकारी बुधवार सुबह को लोगों को हुई। शंकर प्रसाद लगभग तीन दशकों से आरएसएस से जुड़े थे। वह संघ से जुड़े संगठन जिला वनवासी कल्याण केंद्र के जिला कार्य प्रमुख भी थे। वारदात को लेकर इलाके में आक्रोश है। हत्या की वजहों का पता नहीं चल पाया है, लेकिन पुलिस के अनुसार वारदात के पीछे



कोई रंजिश हो सकती है। बुधवार सुबह पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। शकर पूर्वी टुंडी थाना क्षेत्र के दुमा गांव के रहने वाले थे। वह ग्राम रक्षा दल के लिए भी काम करते थे।अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस के सहयोग से धनबाद के कई गांवों में ग्रामीणों ने ग्राम रक्षा दल बनाया है। शंकर भी शहरपुरा गांव में इस दल के सदस्य थे। बताया जा रहा है कि मंगलवार की रात वह अपने घर से शहरपुरा जा रहे थे, तभी अपराधियों ने कब्रिस्तान के पास उनपर छह गोलियां दागीं। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस को अपराधियों के बारे में सूचना देने के कारण वह कुछ लोगों की आंखों की किरकिरी बने हुए थे। गिरिडीह के पूर्व सांसद रवींद्र पांडेय और आरएसएस के कार्यकर्ताओं ने हत्याकांड का उद्भेदन कर अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग की है।

## सीबीआई ने पूर्व बैंक मैनेजर समेत चार के खिलाफ 17.91 करोड़ की धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने 17.91 करोड़ रुपये की ॠण धोखाधड़ी करने के आरोप में एक पूर्व बैंक प्रबंधक और तीन अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। सीबीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि एम.पी. नागर 2013 से 2014 के बीच तत्कालीन स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एंड जयपुर (एसबीबीजे) में रिलेशनशिप मैनेजर ऑफ मीडियम एंटरप्राइजेज (आरएमएमई) पद पर




थे और ठाणे, बेलापुर, पनवेल, घाटकोपर तथा मुंबई के अन्य क्षेत्रों में मध्यम उद्योगों के लिए ॠण की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। नागर ने कथित तौर पर जेएमबीबी बिजनेस के अश्विनी अग्रवाल तथा मनोज कुमार, मीना बाहेती तथा कुछ अन्य लोगों के साथ मिलकर साजिश रची और संपत्ति के बढ़े हुए मूल्यांकन के आधार पर जेएमडी कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड को 17.91 करोड़ रुपये का लोन दिलाया।अधिकारी ने कहा, यह ॠण नागर की सिफारिश के आधार पर 2014 में स्वीकृत किया गया था। उन्होंने निजी व्यक्तियों के साथ मिलकर संपत्ति के मूल्यों को कृत्रिम रूप से बढ़ा दिया। इसके बाद ॠण निधि को डायवर्ट कर दिया गया और स्टॉक का निपटान कर दिया गया, जिससे एसबीबीजे बैंक को नुकसान हुआ। परिणामस्वरूप, ऋण गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) में बदल गए।

## राहुल गांधी का करियर खत्म करने की बीजेपी की साजिश के खिलाफ कर्नाटक कांग्रेस का मौन प्रदर्शन

**बेंगलुरु।** राहुल गांधी के राजनीतिक करियर को खत्म करने की भाजपा सरकार की कथित साजिश के खिलाफ कर्नाटक कांग्रेस बंगलुरु के फ्रीडम पार्क में एक दिवसीय मौन विरोध प्रदर्शन कर रही है। मुख्यमंत्री सिद्दारमैया, उप मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार को काला मास्क पहनकर और मुंह ढंककर विरोध प्रदर्शन करते देखा गया। विरोध प्रदर्शन में सभी विधायक, मंत्री, सांसद और नेता हिस्सा ले रहे हैं। शिवकुमार ने केंद्र की भाजपा सरकार पर साजिश रचने और राहुल गांधी का राजनीतिक करियर खत्म करने का प्रयास करने का आरोप लगाया। शिवकुमार ने पार्टी कार्यकर्ताओं से बड़ी संख्या में भाग लेने का



आग्रह करते हुए मंगलवार को कहा था कि राहुल गांधी ने कभी भी देश की प्रतिष्ठा को नुकसान नहीं पहुंचाया है। कर्नाटक में दिए गए भाषण के बहाने उनका राजनीतिक करियर खत्म करने की साजिश है। उन्होंने कहा, हम इसकी निंदा करते हैं। देश भर में राहुल गांधी के साथ खड़े होने का संदेश देना होगा जो सच्चाई और देश के लिए खड़े हैं। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा की सफलता और कर्नाटक में मिली बड़ी जीत को बर्दाश्त नहीं कर पाने के कारण उनकी संसद सदस्यता निलंबित कर दी गई। शिवकुमार ने कहा कि कांग्रेस ने उन सभी निर्वाचन क्षेत्रों में जीत हासिल की है जहां राहुल गांधी ने पदयात्रा निकाली थी। शिवकुमार ने कहा कि भाजपा उनकी लोकप्रियता, सफलता देखकर उनके खिलाफ साजिश रच रही है।

# लोकसभा चुनाव 2024 से पहले सोनिया गांधी ने चली चाल चौबीसी

**नई दिल्ली।** अगले वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों ने अपनी कमर कसना शुरू कर दी है. एक तरफ जहां भारतीय जनता पार्टी एक बार फिर सत्ता पर काबिज होने के लिए डोर टू डोर कैंपेन के साथ-साथ कई तरह के अभियानों पर एक साथ काम कर रही है. तो वहीं मोदी रथ को रोकने के लिए विपक्ष भी एकजुट होने की कोशिशों में जुटा हुआ है. एक बार तो विपक्षी दलों की बैठक हो चुकी है जो ज्यादा कुछ खास रंग नहीं ला पाई है. लेकिन इसके बाद भी विपक्ष को उम्मीद है कि वो इस चुनाव में बीजेपी की विजयी विमान को रोकने में सफल हो पाएगा. इस बीच कांग्रेस की चेयरपर्सन और वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी भी सक्रिय नजर आ रही हैं. 2024 चुनाव से पहले उन्होंने भी विपक्ष को साधने का काम शुरू कर दिया है. वो सोनिया गांधी ही थी जिसकी आंधी में अटल सरकार गिरी और करीब 10 वर्षों तक मनमोहन सिंह के नेतृत्व में यूपीए की सरकार केंद्र पर काबिज हुई. एक बार फिर सोनिया गांधी एक्शन मोड में आ गई है. खास बात यह है कि आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में होना है और सोनिया गांधी ने भी इसी को ध्यान में रखते हुए अब चाल चौबीसी चली है. आइए जानते हैं कि आखिर चाल चौबीसी है क्या. केंद्र की मोदी सरकार के




खिलाफ विपक्ष की मोर्चा बंदी शुरू हो गई है. इसी कड़ी में विपक्षी दलों की एक बैठक बिहार में नीतीश कुमार के बुलावे पर हो भी चुकी है. हालांकि इसके बाद दूसरी बैठक जो शिमला में होना थी वो बारिश और बाढ़ के चलते स्थगित कर दी गई थी. लेकिन अब ये बैठक 17 और 18 जुलाई होना बताई जा रही है. खास बात यह है कि इस बैठक के दौरान कांग्रेस चेयरपर्सन सभी दलों के नेताओं को रात्रिभोज पर आमंत्रित करेंगी. अब बता दें कि इस बार बैठक में कुल 24 राजनीतिक दलों को आमंत्रित किया गया है. यानी मिशन 2024 से पहले 24 दलों की घेराबंदी शुरू हो रही है. सोनिया गांधी इसी डिनर डिप्लोमेसी में आगे की रणनीति पर चर्चा भी करेंगी. राजनीतिक जानकारों की मानें तो सोनिया गांधी इस रात्रिभोज में कांग्रेस नेतृत्व में ही लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए माहौल तैयार करने की कोशिश कर सकती हैं. इसमें राहुल गांधी को विपक्ष का चेहरा बनाने पर भी चर्चा हो सकती है और उनकी लोकसभा सदस्यता समेत अन्य मुद्दों को 2024 से पहले तैयार करने की रणनीति पर भी चर्चा संभव है. विपक्ष की ये बैठक बेंगलुरु में होना है. खास बात यह है कि अध्यादेश के मामले में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच स्पष्ट टकराव के बावजूद इस बैठक में आप को न्योता दिया गया है. इसके अलावा इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग को भी बैठक में नई एंट्री के तौर पर बुलाया गया है. पटना में हुई विपक्षी दलों की पहली बैठक में कुल 17 पॉलिटिकल पार्टीज ने हिस्सा लिया था. लेकिन इस बार सोनिया गांधी की चाल कुछ अलग है. इस बार की बैठक में कुल 24 दलों को बुलावा भेजा गया है. यानी हो सकता है 2024 के चुनाव में बीजेपी को मात देने के लिए 24 दल मिलकर लड़ें. हालांकि अब तक विपक्ष अपना एक चेहरा नहीं तय कर पाई है. चुनाव में ज्यादा वक्त नहीं बचा है और जब तक चेहरा सामने नहीं होगा तब तक इस लड़ाई को जीतना किसी भी कीमत पर काफी मुश्किल है.

# अवैध शराब के खिलाफ थाना देहात पुलिस की कार्यवाही

## दो लोगों को 07 पेटी अवैध देशी शराब व एक मोटर सायकल के साथ किया गिरफ्तार

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी-पुलिस अधीक्षक के द्वारा जिले मे अवैध शराब की विक्री एवं परिवहन को रोकने हेतु एवं अवैध शराब के खिलाफ जीरो टालरेन्स अपनाने के निर्देश दिये गये हैं। उक्त निर्देशों के पालन मे पुलिस थाना देहात द्वारा दिनांक 11.07.2023 को मुखबिर सूचना पर तुरंत कार्यवाही करते हुये से एक लोडिंग वाहन से 07 पेटी देशी शराब की जप्त कर दो आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की है। दिनांक 11.07.2023 को देहात थाना पर मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि दो व्यक्ति फोरलाइन के पास टाटा मोटर्स के पीछे मोटर साईकिल पर प्लास्टिक के कट्टों में अवैध शराब लिये बेचने के लिये खडे हैं। थाना प्रभारी देहात द्वारा मुखबिर सूचना पर तुरंत कार्यवाही करते हुये पुलिस टीम को मुखबिर के बताये स्थान पर रबाना किया। पुलिस टीम मुखविर के वताये स्थान फोरलाइन के पास टाटा मोटर्स के पीछे पहुंची तो मुखविर के वताये हुलिये के दो व्यक्ति एक मोटर



साईकिल पर सफेद रंग के दो प्लास्टिक के कट्टे बांधे खडे दिखे जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगे जिन्हें हमराही फोर्स की मदद से पकडा और मोटर साइकिल पर बंधे कट्टों को खोलकर देखा तो एक कट्टे में तीन पेटी व दूसरे कट्टे में चार पेटी कुल सात सात पेटियों में प्रत्येक पेटी में 50-50 क्वार्टर कुल 350 क्वार्टर देशी मदिरा प्लेन के भरे हुये मिले। पुलिस द्वारा अवैध सराब परिवहन करने बाले व्यक्तियों से उनका नाम पता पूछा तो एक ने अपना नाम सौरभ सिंह चौहान पुत्र स्व.भरत सिंह चौहान उम्र 32 साल नि. सौजीराम का बाडा कसलागंज थाना कोतवाली जिला शिवपरी व दूसरे ने अपना नाम विजय कुमार भोला पुत्र अशोक कुमार भोला उम्र 27 साल नि. भोलाजी आइस क्रीम फैक्ट्री के पास कमलागंज थाना कोतवाली जिला शिवपुरी का होना बताया। दोनों व्यक्तियों से शराब रखने व बेचने का बैध लाईसेन्स चाहा तो दोनों व्यक्तियों ने कोई लाइसेन्स नहीं होना वताया आऱोपीगणों का यह कृत्य धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत दण्डनीय पाया जाने से अबैध 350 क्वार्टर देशी मदिरा प्लेन के भरे हुये व एक हीरो पेशन प्रो मोटर साईकिल क्र.एमपी 06 एमएन 0463 जप्त कर आरोपियों के खिलाफ प्रकरण पंजीवद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# पी.डब्ल्यू.डी.मंत्री राठेखडा द्वारा सिंधिया को भगवान श्री कृष्ण की उपाधि देने पर यादव समाज में आकोश

## मंत्री माफी मांगे बरना पूरे प्रदेश में फूंके जायेंगे पुतले

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी- विधानसभा 2023 के नजदीक आते-आते सभी नेताओं के मुख्य से अपने अपने आकाओं के लिए अमृतवाणी निकल रही है वहीं पीडब्ल्यूडी मंत्री सुरेश राठखेड़ा द्वारा हाल ही में एक सामाजिक प्रोग्राम मैं दिए गए बयान मैं ज्योतिरादित्य सिंधिया को भगवान श्रीकृष्ण बता दिया 2023 विधानसभा चुनाव मैं अपने आकाओं को खुश करने के लिए हर नेता ऐसे बयान बाजी करते नजर आ रहे हैं उसका कारण यह है कि चापलूसी करके नेता मंत्री बन गए हैं जिनको यह पता नहीं है कि इंसान और भगवान में क्या फर्क होता है इस पूरे बयान से यादव समाज के लोगो मैं आक्रोश पैदा हुआ हैं जानकारी के अनुसार हाल ही मैं सुरेश राठेखडा पी.डब्ल्यू.डी. मंत्री म.प्र. शासन भोपाल द्वारा गुना में किसी उद्घाटन के काय्रक्रम में उन्होंने अपने भाषण में कहा कि, श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया इंसान नही भगवान श्री कृष्ण हैं मंत्री द्वारा इंसान को



भगवान की उपाधि दे दी है, जिससे यादव समाज को काफी आहत हुआ हैं व यादव समाज में काफी रोष व्याप्त हैं. इस प्रकार एक मंत्री द्वारा अपने आका को खुश करने के लिए भगवान की उपाधि देना गलत हैं। क्योकि श्रीकृष्ण भगवान यादव समाज के आराध्यदेव हैं। इस प्रकार मंत्री राठखेडा द्वारा हमारे आराध्य के प्रति गलत भाषा का उपयोग करने के लिए इनके विरूद्ध कार्यवाही की जावें या मंत्री जी द्वारा बोले गये इस प्रकार के शब्दों के लिए माफी मांगे अन्यथा जिला शिवपुरी व प्रदेश स्तर के यादव समाज के लोग जिला स्तर, म.प्र. स्तर पर जगह जगह पर धरना प्रदर्शन करेगें और जगह-जगह पुतलों का दहन करेंगे जिसमें होने वाले हर्जे खर्च की जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

# आउटसोर्स डाटा एण्ट्री ऑपरेटरों ने अपनी मांगों को लेकर दिया मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी- प्रदेश मैं विधानसभा चुनाव से पहले सभी आउटसोर्स कर्मचारी संविदा कर्मचारी ओर अन्य समस्त



प्रकार के कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर रोज ज्ञापन देते आ रहे हैं आज भी ऐसे आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन दिया जिसमें बताया कि वह म.प्र. शासन के स्कूल शिक्षा विभाग में कई वर्षों से कार्यरत आउटसोर्स डाटा एण्ट्री ऑपरेटर अब तक के सबसे बड़े अन्याय के शिकार हैं, जिन्हें न तो न्यूनतम वेतन मिलता है. वह भी समय से नहीं मिल पाता, न ही पीएफ समय पर जमा होता है तथा कभी-भी नौकरी से निकाले जाने का संकट हमेशा बना रहता है। आउटसोर्स एजेंसियों की मनमानी पीएफ जमा न करना, शासन के निर्देशों की अवहेलना आम बात है। लोकतांत्रिक तरीके से अपनी मांगों की ओर विभाग का ध्यान दिलाये जाने की सजा नौकरी से निकाल दिये जाने के रूप में मिलती है। सरकार सबकी होती है, सबके लिए समान रूप से कार्य करने की शपथ लेकर कार्य शुरू करती है, आउटसोर्स कर्मचारी भी संविदा कर्मचारियों की श्रेणी में आते है, संविदा सम्मेलन में आपने आउटसोर्स कर्मचारियों का जिक्र तक नहीं किया। रोजगार सहायकों की तरह हम सभी ऑपरेटर भी आपके शासन काल में अपनी सेवायें लग्नशील एवं ईमानदारी से दे रहे हैं जिनका वेतन भी बढ़ाया जाना चाहिए था। नौकरियों में आउटसोर्स कल्चर समाप्त कर हम सभी डाटा एण्ट्री ऑपरेटरों को विभाग में संविलियन किया जाए। समस्त आउटसोर्स, अस्थाई डाटा एण्ट्री ऑपरेटरों का न्यूनतम वेतन बढ़ाया जाए। जिससे बढ़ती महंगाई में अपने परिवार व बच्चों का सही तरह से भरण पोषण कर सकें।

# अपनी मांगों को लेकर नगर पालिका परिसर में अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे पार्ट नंबर 35 के पार्षद एमडी गुर्जर

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी।** नगर परिषद का गठन हुआ है जब से शिवपुरी में शहर में कागजों में ही काम हो रहा है, केवल सडको और सुविधाओं के कागजो मैं बन और बिगड़ रहे हैं। नगर पालिका अध्यक्ष पर आरोपों की झड़ी लगाते हुए इस बरसते मानसून में शिवपुरी शहर के वार्ड क्रमांक 36 के पार्षद एमडी गुर्जर ने नगर पालिका ने अपना तंबू गाड दिया। पार्षद का कहना है कि पिछले 10 माह में मेरे वार्ड में कोई काम नही हुआ है, इसलिए में पैंड भरते हुए नगर पालिका पहुंचे,पार्षद के पीछे पीछे वार्ड की जनता भी चल रही थी। वार्ड क्रमांक 36 के पार्षद एमडी गुर्जर ने बताया कि शिवपुरी कि नगरपालिका जिसको आज 10 महीने हो गये हैं, लेकिन अध्यक्ष गायत्री शर्मा ने अभी तक कोई भी काम नहीं करावाया, मेरे वार्ड में अभी तक नहीं कोई जल नल योजना के पाइप डाले गए है। पूरे वार्ड में खंभों पर लाइट नही हैं, एक मात्र सीसी की सड़क है जो भी पुराने कार्यकाल की है। कांग्रेसी पार्षद जिताने का पूरा दुख इस वार्ड को दिया जा रहा है। इससे पूर्व वार्ड मे 10 कर्मचारी थी



अब 5 कर दिए है। कई बार अध्यक्ष महोदय ओर सीएमओ से वार्ड की समस्याओं को लिखकर मांग की है लेकिन आज तक कोई सुनवाई नही है। बोरों के लिए आवेदन दे देकर पागल हो गया हूं। पर आज तक बोरों में कोई पाइप लाइन नहीं डली।

**फाइलें अटकी सीएमओ आफिस मैं, और लगवा रहे चक्कर**-वार्ड का चुनाव कांग्रेस से जीतना नगर पालिका अध्यक्ष ओर पूरे भाजपा बाले अपनी हार का बदला सभी कांग्रेस पार्षदों से ले रहे थे उनके बारे में कोई भी काम नहीं कराया जा रहा है उसी का नतीजा है कि आज वार्ड नंबर 36 के पार्षद एमडी गुर्जर ने कहां मेरे वार्ड की फाइल बन चुकी हैं, उनमे से कुछ फाईलो का तो पता नहीं कहां हैं, सीएमओ से बोल जाता हैं तो वह कहते हैं वहां चले जाओ, बाबू से बोलता हूं वहां चले जाओ। वही अध्यक्ष को कहता हूं तो वह कहती हैं वहां देख लो। ऐसे ही मुझे पागलों की तरह घुमाते रहते हैं। मेरी पीड़ा में जानता हूं, और मेरे वार्ड वालों ने मुझे बहुमत से जिताया हैं, मैं उनके लिए हर चीज करने के लिए तैयार हूं, मैं अनिश्चितकालीन धरना पर बैठा हूं, अगर मेरी मांगे पूरी नहीं मैं करेंगे तो मैं भूख हड़ताल पर बैठुगां। चाहे महीने हो जाये या 6 महीने, मैं जब तक यहां से नहीं हटूंगा जब तक मेरी मांगे पूरी नहीं हो जाती हैं।

# थाना कोतवाली पुलिस की बड़ी सफलता

## इलेक्ट्रॉनिक दुकान कि गोदाम में हुई लाखों कि चोरी का माल बरामद आरोपी अभी भी फरार



**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** शहर में लगातार हो रही चोरी की वारदातों को लेकर पुलिस महानिरीक्षक सागर जोन द्वारा समस्त पुलिस अधीक्षकों को चोरी के मशरूखा जप्त कर तत्काल कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था जिसे पुलिस अधीक्षक दमोह के द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को मुखबिर तंत्र मजबूत करने एवं अपराध कि रोकथाम हेतु निर्देशित किया गया था। इसी तारतम्य में थाना कोतवाली में फरियादी दीपेश तिवारी द्वारा दिनांक 10/07/23 को थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत आने वाली मोरगंज गल्ला मंडी मे रखे इलेक्ट्रानिक सामान जिसमे फ्रिज कूलर वाशिंग मशीन की चोरी की रिपोर्ट दर्ज करायी गई थी इस मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी कोतवाली विजय सिंह राजपूत द्वारा तत्परता दिखाते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार सिह एवं नगर पुलिस अधीक्षक भावना दांगी के मार्गदर्शन में टीम गठित की गई थी जिसे उक्त टीम द्वारा मुखबिर तंत्र मड़बूत करते हुए आरोपी राजा उर्फ राजेन्द्र पटेल पथरिया निवासी के गढ़ाकोटा स्थित किराये के मकान से मामले में चोरी किया गया मशरूका फ्रिज कूलर एसी वासिंग मशीन जिसकी कीमती करीबन 738000/- रूपये का जप्त किया गया।आरोपी राजा पटेल फरार है,आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया जायेगा। जप्त मशरूका-एयर कंडीशनर -07 नग फ्रिज 26 नग वाशिंग मशीन 04नग कूलर -09 कीमती कुल 7,38,000 रुपये/- को जप्त किया गया।इस दौरान सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारियों में निरीक्षक विजय सिंह राजपूत,उप निरीक्षक रोहित द्विवेदी, आरक्षक ओम प्रकाश, आरक्षक देशराज आरक्षक कृष्ण कुमार, आरक्षक जुनैद खान, आरक्षक आशीष का विशेष योगदान रहा।

# विश्व जनसंख्या दिवस पर हुई विभिन्न जागरूकता गतिविधियां



**पुष्पांजली टुडे**

दमोह। विश्व जनसंख्या दिवस पर छोटा परिवार-सुखी परिवार, जच्चा-बच्चा की सेहत का मंत्र, दो बच्चों में तीन साल का अंतर जैसे संदेश के साथ शहरी क्षेत्र दमोह सहित सभी विकासखंडों में विविध जागरूकता गतिविधियां विशेषकर सास-बहू सम्मेलन, जागरूकता रैली, परिवार कल्याण के नवीन अस्थाई साधनों की प्रदर्शिनी लगाकर परिवार कल्याण के स्थाई-अस्थाई साधनों के महत्व के बारे में परामर्श भी दिया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जिला चिकित्सालय परिसर से जागरूकता रैली को हरी-झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने छोटा परिवार सुखी परिवार का संदेश देते हुए जच्चा-बच्चा को सेहतमंद बनाये रखने के लिए दो बच्चों के बीच तीन वर्ष का अंतराल रखने एवं दो बच्चों के बाद परिवार कल्याण के स्थाई साधन के रूप में महिला नसबंदी की तुलना में अधिक आसान, सुरक्षित प्रभावी पुरूष ऑपरेशन कराने का संदेश दिया। रैली में शामिल शहरी आशा कार्यकर्ताओं ने तख्ती, बैनर के माध्यम से आमजनों को परिवार में बहार है, एन.एस.व्ही संग जीवन खुशहाल है, का संदेश देते हुए परिवार को नियोजित करने दो बच्चों के बाद पुरूष ऑपरेशन एन.एस.व्ही को तरजीह देने प्रेरित किया। साथ ही बच्चों में अंतराल के नवीन अस्थाई साधन विशेषकर अंतरा इंजेक्शन, छाया गोली, आई.यू.सी.डी. को अपनाने का संदेश के साथ रैली दौरान जागरूकता संबंधित पंपलेट भी वितरित किये गये।

**सास-बहु सम्मेलन एवं अस्थाई साधनों की प्रदर्शिनी लगाई गई**-पथरिया, हटा, बटियागड़ में जन जागरूकता रैली के साथ अस्थाई साधनों की प्रदर्शिनी लगाई गई। वहीं जबेरा विकासखंड में सभी व्ही.एच.एन.डी. सत्र दौरान सास-बहु सम्मेलन के साथ परिवार कल्याण के अस्थाई साधनों की प्रदर्शिनी लगाकर छोटा परिवार सुखी परिवार का संदेश दिया गया और अस्थाई स्थाई साधनों के बारे में परामर्श भी दिया गया।

# प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने दिया कलेक्टर को ज्ञापन, रखी मांगे

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी-खबर शिवपुरी जिला कलेक्ट्रेट परिसर से है जहां आज प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने कलेक्टर को ज्ञापन दिया और अपने कई मांगे रखी। आपको बता दें कि प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन द्वारा कलेक्टर को एक ज्ञापन दिया गया जिसमें कई मांगे प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन द्वारा उसमें अंकित की गई जिसमें मुख्य मांग यह रखी की स्कूल खुलने वाले समय में ही शहर की कोचिंग सेंटर खुलते है जिससे स्कूल में विद्यार्थियों की परसेंटेज अपर असर पड़ रहा है। ऐसी ही कई प्रकार से अपनी मांगे रखी।और शहर में विगत कई वर्षों से गली-मोहल्ले में स्कूल खोले जा रहे हैं, जिनके विषय में भी बताया की क्या इन विद्यालयों ने जिला शिक्षा अधिकारी से विधिवत् आवेदन देकर मान्यता प्राप्त की है? या अन्य किसी आदेश के तहत विद्यालयों का संचालन किया जा रहा है। अगर इन विद्यालयों ने जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में पंजीयन कराया है तो क्या ऋज्ञश्व कानून एवं राज्य शासन द्वारा जारी अन्य गाइड लाइन का विधिवत् पालन किया जा रहा है। क्या विद्यालय भवन शासन के द्वारा निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप निर्मित किए गए है। किसी भी आकस्मिक आवश्यकता के समय बच्चों के बाहर निकलने के लिए वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध है। क्या आग लगने



की स्थिति में पर्याप्त अग्नि शमन यंत्र की व्यवस्था है एवं फायरब्रिगेड के आने के लिए पर्याप्त मार्ग उपलब्ध है। विद्यालय में शासन के निर्देशानुसार शुद्ध पेयजल की व्यवस्था एवं समय-समय पर पानी की जाँच कराई जाती है या नहीं। विद्यालय में छात्र / छात्राओं के लिए अलग-अलग स्वच्छ शौचालयों की पर्याप्त व्यवस्था है या नहीं। विद्यालय में शासन द्वारा निर्धारित मापदण्डों के अनुसार शिक्षक कार्यरत है या नहीं। विद्यालय में पंजीकृत छात्रों की उपस्थिति की जाँच कराई जाए ऐसा देखने में आ रहा है जो की बच्चों विद्यालय में पंजीकृत होकर किसी अन्य विद्यालय अथवा कोचिंग सेंटर में शिक्षा प्राप्त कर रहे है। जैसा कि श्रीमान के संज्ञान में है कि शिवपुरी के बच्चों में विद्यालयों का क्रेज ध्वस्त करने में कोचिंग संचालको का महत्वपूर्ण योगदान है ये कोचिंग संचालक समस्त नियमों (बैठक व्यवस्था, शुद्ध हवा, पानी की व्यवस्था, पार्किंग एवं सुरक्षा के नियमों) इत्यादि को ताक पर रखकर विद्यालय के समय में ही, कोचिंगों का संचालन कर रहे हैं जिससे छात्रों के सर्वांगीण विकास पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है एवं छात्र नियमित रूप से स्कूल नहीं जा पा रहे है। ऋज्ञ.श्व. का सत्र 2021-22 एवं 2022-23 का भुगतान अतिशीघ्र किया जाये। बार-बार न मांगा जाए।क्या जिला शिक्षा अधिकारी शिवपुरी द्वारा नवीन संचालित विद्यालयों नारायणा ग्रुप ऑफ स्कूल एवं माउन्ट लिटेरा स्कूल को विद्यालय से ही कॉपी पुस्तकें एवं यूनिफॉर्म क्रय-विक्रय का अधिकार दिया गया है और यदि दिया गया है तो बाकी स्कूलों को ये सुविधा क्यों प्रदान नहीं की जा रही है। इस प्रकार की मांगे रखकर जल्द से जल्दी निराकरण कराए जाने की मांग की।

# खतरों से खाली नहीं है निदान कुंड व नजारा पॉइंट के रास्ते फिर भी पहुंच रहे है सैलानी, हादसे का खतरा अधिकारी बेखबर

## वन मंडल अधिकारी बोले रेंजर को किया निर्देशित, 250 रूपये कि रसीद फिर भी पर्यटको को नहीं मिल रही सुविधा





**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** बरसात का मौसम शुरू होते ही लोग प्रकति का नजारा देखने के लिए बडे ही आतुर रहते है ऐसा ही जिले का एक पर्यटन स्थल है जो इन दिनों लोगों के लिए आकर्षण का केंन्द्र बना हुआ है हम बात कर रहे है जिले के जबेरा तहसील के अंतर्गत सिंग्रामपुर की जहाँ बारिश के दिनों में सैलानियों कि संख्या बड़ रही है जो परिवार के साथ प्रकृति कि सुन्दरता का नजारा देखने दूर दूर से आ रहे है लेकिन असुविधाओं के चलते मायूस होकर घर चले जाते है ऐसा ही मामला मंगलवार को देखने मिला जब मीडिया की टीम सिंग्रामपुर के निदानकुंड और नजारा पॉइंट देखने को पहुंची तो यहाँ का नजारा मन को मोह लेने वाला तो था,लेकिन यहाँ की जो तस्वीरें थी वह चोंका देने वाली थी लोग सीमेंट से बनी रेंलिंग को पार कर अपनी जान की परवाह ना करते हुये नीचे उतर रहे थे जो एक खतरे से खाली नहीं है थोड़ी सी चूक किसी कि जान भी जा सकती है वहीं बता दे की नीचे ना जाने के लिए संकेतक बोर्ड तो लगाया गया है लेकिन वन कर्मी की सुरक्षा ना होने से यहाँ लोग बेधड़क रेलिंग से नीचे उतर जाते है वहीं कुछ वर्ष पूर्व नजारा पाइंट से एक की मौत भी हो चुकी है फिर भी वन कर्मियों की लापरवाही के चलते यहाँ रोक टोक नहीं है

**चौकीदार को नहीं है संबंधित विभाग की जानकारी**–वही इस स्थल के अन्दर प्रवेश करने के लिए लोगों से 250से लेकर 400रूपए कि रसीद भी काटी जाती है और यहाँ एक चौकीदार इन रसीदो को काटकर देता है लेकिन उसके पास संबंधित विभाग की किसी भी प्रकार की कोई जानकारी नहीं है जब चौकी दार से यहाँ की सुरक्षा के लिए तैनात सिपाही के बारे में पूछा तो कुछ भी कहने से बचते नजर आया।

**पर्यटक बोले, नहीं है सुरक्षा का इंतजाम**–वहीं इस पॉइंट का नजारा देखने जबलपुर से आए एक सैलानी से बात की तो उसने बताया की यहाँ घूमने आना खतरों से खाली नहीं है यहाँ तैनात कोई भी वन कर्मी मौजूद नहीं रहता है जिससे हादसे का हमेशा खतरा मंडराता है और वही यहाँ जंगली जानवरों का डर बना रहता है गौरतलब है कि इस पांइट पर पूर्व में भी एक दुर्घटना घटित हो गई थी फिर भी विभागीय अधिकारी कर्मचारी नजरअंदाज बने हुए है शायद उनको किसी दूसरी घटना का इंतजार है यहाँ घूमने वाले सैलानी अपने आप में ठगा सा व असुरक्षित सा महसूस करते है मामले में वन मंडल अधिकारी महेंद्र सिंह उइके से बात की तो बताया कि एसडीओ से बात कर ले वही कहा कि मैंने रेंजर को निर्देशित किया है वहीं पास जो चौकी है उनकी भी सहायता ले। वहीं जब एसडीओ आर सी चौबे से संपर्क किया तो उनका कहना है कि में किसी भी प्रकार का वर्जन नहीं देता हूं आप डीएफओ से बात कर ले।

# थाना कोतवाली को मिली बड़ी सफलता

## 2000 का इनामी बदमाश पकड़ा

**पुष्पांजली टुडे**



**दमोह।** पुलिस अधीक्षक दमोह के द्वारा चोरी एवं नकाबजनी के अपराधियों की धरपकड़ हेतु एवं चोरी गये मशरूका बरामदगी हेतु निर्देशित किया गया था, जिसे पुलिस अधीक्षक, अति. पुलिस अधीक्षक शिवकुमार सिंह एवं नगर पुलिस अधीक्षक भावना दांगी के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी कोतवाली विजय सिंह राजपूत के नेतृत्व में टीम गठित कर कोतवाली पुलिस द्वारा लगातार आरोपी कि तलाश कर थाना कोतवाली मे अप.क्र. 504/22 धारा 379 ताहि के आरोपी मनोत्रा पारदी निवासी गनेशगंज जिला सागर से गिरफ्तार किया गया। इस दौरान सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारियों में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक विजय राजपूत, प्रधान आरक्षक डेलन, प्रधान आरक्षक राकेश अठ्या, आरक्षक देशराज, आरक्षक कृष्णकुमार, आरक्षक ओमप्रकाश नरेन्द्र पटैरिया का योगदान रहा।

# मध्यप्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा पूरे प्रदेश में करेगा आंदोलन

**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** मध्यप्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चे में शामिल मान्यता एवं गैर मान्यता प्राप्त कर्मचारी संगठन दमोह द्वारा 11 जुलाई 2023 को रैली निकाल कर मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव मध्यप्रदेश के नाम ज्ञापन कलेक्टर जिला दमोह को सौंपा गया जिसमें अधिकारियों एवं कर्मचारीयो की लंबित 24 सूत्रीय मांगो को लेकर संयुक्त मोर्चा मध्यप्रदेश में लगातार संघर्ष कर रहा है परंतु शासन द्वारा कर्मचारियों की मांगों को अनदेखा किया जा रहा है इसके चलते संयुक्त मोर्चा चरणवद्य आन्दोलन करेगा जो इस प्रकार प्रथम चरण मंगलवार को समस्त जिलों में रैली कर माननीय मुख्यमंत्री मुख्य सचिव महोदय के नाम सभी कलेक्टरों को ज्ञापन। शुक्रवार को प्रदेश के सभी कार्यालयों में सामूहिक अवकाश पर अधिकारी कर्मचारी रहेंगे दिनांक 10 सितंबर 2023 दिन रविवार को भोपाल में प्रदेश व्यापी धरना आंदोलन। इस अवसर पर राकेश हजारी प्रांतीय संरक्षक लिपिक वर्ग कर्मचारी संघ, सत्यनारायण तिवारी जिला अध्यक्ष तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ, महमूद सिद्दिकी अध्यक्ष अपाक्स संगठन, केआर पांडे अध्यक्ष स्वास्थ्य कर्मचारी, सुरेंद्र राय जिला अध्यक्ष राज्य कर्मचारी संघ, प्रेम सिंह अध्यक्ष शासकीय शिक्षक संघ, खिलान सिंह अध्यक्ष शासकीय आजाद शिक्षक संघ,




प्रमोद कुमार अहिरवार अध्यक्ष लघु वेतन कर्मचारी संघ, विष्णु शर्मा कोषाध्यक्ष शिक्षक कांग्रेश, बीएम दुबे प्रांतीय प्रवक्ता त्रतीय वर्ग, बी.एम.गौतम अध्यक्ष राजपत्रित अधिकारी संघ, अनिल जैन संभागीय सचिव र.क.संघ, हनीफ खान,प्रतीय सलाह कार लघु वेतन, हरीशअहिरवार तहसील अध्यक्ष अजाक्स लखन नामदेव कोषाध्यक्ष अपाक्स संग बाबू खान तहसीलअध्यक्ष अपाक्स हलीम सिद्दीकी, गोस्वामी जी तहसील दमोह, शैलेंद्र, नवनीत स्वामी, चंद्रभान पटेल, वलवंत अजमानी, तिवारी आरएईओ पटेरा सगीर खान पी.के सोनी, सुरेंद्र सिंह ज्ञापन के दौरान मेहमूद सिद्दीकी जिला अध्यक्ष अपाक्स ने बताया कि ये 24 सूत्रीय ज्ञापन प्रदेश भर में दिया जा रहा है जिससे सभी न्यायोचित मांगे शामिल है जिसे पूर्ण किया जावे ,डॉ मोहन सिंह आदर्श जिला अध्यक्ष अजाक्स ने कहा कि मध्यप्रदेश के सुचारू संचालन में प्रत्येक कर्मचारी जिम्मेदारी से सेवा दे रहा है इसके बाद भी हमें सुविधाओं वंचित किया गया है,जैसे नियुक्ति दिनाँक से वरिष्ठता और पुरानी पेंशन से हमें वंचित किया गया है, वहीं दूसरी ओर शिक्षित युवाओं को आउटसोर्सिंग के दंश से डसा जा रहा है।,इस कारण प्रदेश भर में अनिश्चितकालीन आंदोलन होगा। जिसका परिणाम आगामी समय में स्पष्ट दिखाई देगा जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी मध्यप्रदेश सरकार की होगी। रैली ज्ञापन में सहित सैकड़ों कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

# छुरा के लव जिहाद मामले में कार्यवाही की माँग को लेकर सर्व हिंदू समाज का गोहरापदर बंद सफल, बुधवार को प्रतिष्ठानों में लटके ताले

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

गोहरापदर गरियाबंद जिला के छुरा विकासखंड की रसेला ग्राम की एक हिंदू युवती के साथ हुए लव जिहाद के मामले में सर्व हिंदू समाज की गरियाबंद जिला बंद किए जाने के आह्वान पर मंगलवार 12 जुलाई को सर्व हिंदू समाज द्वारा गोहरापदर बंद का आव्हान किया गया.बुधवार को सारी प्रतिष्ठान बंद रहे। सर्व हिंदू समाज द्वारा इस मामले में 5 दिन के बाद भी पुलिस द्वारा लड़की के बारे में कोई जानकारी ना होने व लव जिहाद के मामले की वजह से सुबह से ही स्वस्फूर्त नगर बंद से हिंदू एकता का परिचय दिया गया।नगर में अति आवश्यक सेवाओं को छोड़ बाकी सभी व्यापारी ने अपनी दुकानें बंद रखी। सर्व हिंदू समाज ने बताया कि उन्हें 10 जुलाई की शाम 5ः00 बजे विश्व हिंदू परिषद एवं सर्व हिंदू समाज छुरा द्वारा कथित लव-जिहाद व धर्मांतरण के मामले में 5 दिन के बाद भी लड़की को माता-पिता के ना सौपने एवं लड़की के बारे में पुलिस द्वारा कोई जानकारी ना दिए जाने को प्रशासन की गंभीर लापरवाही के खिलाफ दबाव




बनाने को लेकर व्यापारी संघ ने गरियाबंद जिला बंद करने समर्थन मांगा। ज्ञात हो कि 5 जुलाई बुधवार की रात्रि में छुरा विकासखंड के ग्राम रसेला की एक लड़की को एक विशेष समुदाय के समीपस्थ ग्राम कनसिंघी के युवक द्वारा बहला-फुसलाकर अगवा कर लिया गया। जिसका धर्मांतरण करवाने की आशंका को लेकर लड़की के पिता द्वारा 6 जुलाई को छुरा थाना में रिपोर्ट दर्ज की गई। परंतु 5 दिन तक अति संवेदनशील मामले में पुलिस द्वारा संतोषजनक कार्रवाई ना होने पर व्यथित पिता ने सर्व हिंदू समाज तथा विश्व हिंदू परिषद के समक्ष गुहार लगाई थी तब मामले पर दबाव बनाने विश्व हिंदू परिषद तथा सर्व हिंदू समाज ने गरियाबंद जिला बंद करने का निर्णय लिया गया।इसी कड़ी में ग्रामीणों एवं व्यापारियों द्वारा गोहरापदर बंद रखा गया।सर्व हिंदू समाज ने नगर बंद को सफल बनाने के लिए व्यापारियों एवं आम जनों का आभार व्यक्त किया।

# लव जिहाद के बढ़ते घटना के विरोध में आज स्फूर्त देवभोग क्षेत्र रहा बंद

**संवाददाता हेमचंद नागेश**



**देवभोग।** गरियाबंद जिले के छुरा व मैनपुर में लव जिहाद की घटना को लेकर आज देवभोग के हृदय स्थल पर स्थित गांधी चौक पर सर्व हिंदू समाज के लोग एकत्रित होकर घटना के विरोध में जमकर नारेबाजी कर विरोध किया। विश्व हिंदू परिषद के नेतृत्व में सर्वप्रथम क्षेत्र के सभी समाज प्रमुखों के सहयोग से आज यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें क्षेत्र के अनेक सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। सभा में उपस्थित समाज प्रमुखों ने लव जिहाद के मामले में विरोध जताते हुए जमकर नारेबाजी की। विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी गौरी शंकर कश्यप एवं विहिप प्रखंड अध्यक्ष सुभाष दौरा के साथ ही सभी समाज प्रमुखों में आदिवासी समाज से पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन सिंह मांझी, भागीरथी मांझी, रामरतन मांझी, हलमन धुर्वा, ब्राह्मण समाज से गुरु नारायण तिवारी, योगेश मिश्रा, यादव समाज से केनू राम यादव 4 गढ़ अध्यक्ष, मगधा यादव समाज जिला अध्यक्ष धनमती यादव, सुशील यादव ब्लॉक अध्यक्ष, हेजु राम साहू ब्लॉक सभापति,लुद्रास साहू, माली समाज से शोभा चंद्र पात्र,अग्रवाल समाज से राकेश अग्रवाल, मयूर भट्टर सहित बड़ी संख्या में सभी समाज के लोग उपस्थित रहे। इस बंद का समर्थन करने के लिए सभी फुटकर एवं बड़े व्यवसायियों ने भी दिन भर अपने दुकान बंद रख इस विरोध का पूर्ण समर्थन दिया। विश्व हिंदू परिषद के तत्वधान में आयोजित यह कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए 1 दिन पूर्व ही सभी समाज प्रमुखों से चर्चा करके एवं उनसे इस लव जिहाद के बढ़ते घटना के विरोध में पूर्ण समर्थन का आग्रह किया। जिसका संपूर्ण हिंदू समाज के पदाधिकारियों एवं लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लेकर समर्थन दिया। सभा में उपस्थित सभी समाज के प्रमुख ने अपने अपने वक्तव्य में इस लव जिहाद के बढ़ते घटना के विरोध में जमकर अपनी भड़ास निकाली। सभा की समाप्ति के पश्चात विहिप,सर्व हिंदू समाज के प्रतिनिधिमंडल ने विरोध में कलेक्टर के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर आरोपियों के खिलाफ जल्द से जल्द कार्रवाई की मांग की।

# देवभोग-ग्गांव में जाकर बता रहे आने वाले सीजन में प्रति एकड़ 20 क्वींटल बेच सकेंगे धान,ग्रामीण भी बता रहे लो वोल्टेज की दूर हुई समस्या, अब हाट बाजारों में मिल रही दवा




**संवाददाता हेमचंद नागेश**

बूथ चलो अभियान के जरिए सरकार की योजनाओ की जानकारी व उपलब्धि गिनाकर मतदाताओं को अब कांग्रेस साधना शुरू कर दिया है।बूथ चलो अभियान के देवभोग प्रभारी संजय नेताम,स्थानीय पदाधिकारियों के साथ आज देवभोग जोन के अंतर्गत आने वाले बूथ करलागूड़ा,धूमामुड़ा, जामगांव में पहुंचे।पहले गठित बूथ कमेटी के सदस्य व अध्यक्ष के साथ मिल उन्हे उनके दायित्वों के बारे में विस्तार से समझाया फिर पदाधिकारियों के साथ सीधे ग्रामीणों से संपर्क शुरू किया।कांग्रेसी इस संपर्क के दरम्यान ग्रामीण हितग्राहियों से जुड़ी योजनाओ के क्रियान्वयन की टोह लेते दिखे।हितग्राहियों ने बताया की पेंशन,राशन के नियमित उपलब्धता हो रही है। लो वोल्टेज व अघोषित कटौती से मिली मुक्ति को लेकर किसानों ने हर्ष जताया, सरकारी अस्पताल के अलावा नजदीकी हाट बाजार में जाने से हो रहे उपचार व मिलने वाले निशुल्क दवा को लेकर ग्रामीणों में उत्साह दिखा। केंद्र की महंगाई से लड़ने राज्य सरकार मिल रही ऊर्जा-ः कांग्रेसी किसानों को यह बताते दिखे की केंद्र ने खाद व दवाओं को कीमत बढ़ा दिया है।डीजल के दाम बढ़ने से जुताई मिंजाई महंगा हो गया है,किसानी लागत बढ़ी तो राज्य सरकार ने किसानों के हित में समर्थन मूल्य में खरीदी का दायरा बढ़ा दिया।अब किसान 15 नही प्रति एकड़ 20 क्वी धान बेचेंगे।लोन का दायरा भी बढ़ाया गया है।इस अभियान में प्रमुख रूप से संजय नेताम,भूपेंद्र मांझी, सुखचंद बेसरा,राजेश तिवारी, तरुण नागेश,अनामो बघेल, निराकार डोंगरे, सोधर कश्यप, ओंकार सिन्हा,किशोर नागेश, मनीराम ओटी, डारेंद्र बघेल,केशरी नागेश,नरेंद्र नागेश,चंदन सोनी, प्रेमलाल बीसी,नन्हे सिंह सोनी,नर्वल सोनवानी,देवीसिंह प्रधान,मोहन लाल प्रधान,रुक्कन्द नागेश, मिथलेश तांडील, बैष्णव नागेश, शंकर नागेश, बलराम मांझी, धनीराम हरपाल, दीपिका वैष्णव, मुकेश बीसी, दुष्यंत वैष्णव, विश्वनाथ साहू, अभिराम मरकाम, जगत राम नागेश, भुवेंद्र साहू,पवित्रो नागेश सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी मौजूद थे।

सम्पादक की कलम से

## तबाही की बारिश

उत्तर भारत समेत देश के अन्य भागों में अप्रत्याशित रूप से लगातार होती बारिश ने हा-हाकार मचाया है। बरसात के मौसम में बारिश और जलधाराओं में उफान आना सामान्य बात है। लेकिन इस बार की अतिवृष्टि ने बताया है कि मनुष्य शक्तिशाली होने का भले ही दंभ भरता रहे लेकिन कुदरत के रौद्र के सामने वह बौना ही है। जगह-जगह बादल फटने, नदियों में बाढ़, पानी रोकने में नाकाम बांध और भूस्खलन की घटनाओं ने लोगों में भय पैदा किया है। देश का जनजीवन अस्त-व्यस्त हुआ है। पुलों के टूटने, बस्तियों में नौका चलाने, मकानों के भरभरा कर गिरने व कारों के बहने के वीडियो सोशल मीडिया पर लोगों को दहशत से भर रहे हैं। कारोबार ठप हैं, स्कूल-कालेज बंद कर दिये गये हैं। फिर भी बारिश थमने का नाम नहीं ले रही है। कई राज्यों में रेड, ऑरेंज व येलो अलर्ट जारी हो रहे हैं। हिमाचल प्रदेश में मूसलाधार बारिश ने कोहराम मचाया है। करीब तीन-चार हजार करोड़ रुपये का नुकसान होने का प्राथमिक अनुमान लगाया गया है। हिमाचल में बाढ़, बादल फटने, जलधाराओं में उफान व भूस्खलन में सत्रह लोगों के मरने की खबरें आ रही हैं। जलधाराओं में उफान से नदियों के किनारे स्थित सड़कों, मकानों, होटलों व हाईवे को नुकसान पहुंचना स्वाभाविक है। हिमाचल व उत्तराखंड में सैकड़ों सड़कें तबाह हुई हैं। विद्युत व्यवस्था ठप होने और यातायात बाधित होने की भी खबरें हैं। हिमाचल में रावी, व्यास, सतलुज, चिनाब आदि नदियों में उफान से संकट गहरा हो रहा है। हरियाणा में हथनीकुंड बैराज में जरूरत से ज्यादा पानी जमा होने से करीब दो लाख क्यूसिक पानी छोड़े जाने से दिल्ली पर बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। ऐसे में युद्ध स्तर पर बचाव के प्रयास किये जाने की जरूरत है। अभी भी रुक-रुक कर होने वाली बारिश को देखकर अंदाजा लगाया जा रहा है कि आने वाले दिनों में हालात चुनौतीपूर्ण हो सकते हैं। निस्संदेह, आज पूरी दुनिया में मौसम के चरम से उत्पन्न प्राकृतिक आपदाओं का सिलसिला बढ़ता जा रहा है। मौसम की तल्खी को देखकर लगता है कि प्रकृति के खिलाफ मानव की क्रूरता का कुदरत बदला ले रही है। जलधाराओं के मार्ग में लगातार बढ़ते अतिक्रमण ने नदियों के प्रवाह को आक्रामक बना दिया है। पहाड़ हमारी जरूरत हैं, हमारी प्राणवायु के संरक्षक हैं लेकिन वे सिर्फ इंसानी विलासिता और सैर-सपाटे के स्थान नहीं हैं। वे बड़ी विकास परियोजना व बड़े बांधों का बोझ उठाने लायक भी नहीं हैं। कहा जाता है कि बड़े बांधों के इलाकों में बादल फटने की घटनाएं बढ़ती हैं। इंसान ने विकास व पर्यटन तथा बस्तियों का जितना बोझ पहाड़ों पर लाद दिया है, वो इनकी क्षमता से अधिक है। पहाड़ों में विकास का आधार प्रकृति के साथ सामंजस्य होना चाहिए। वहीं दूसरी ओर देश के महानगर व शहर अनियोजित विकास का त्रास झेल रहे हैं। थोड़ी सी बारिश से बाढ़ जैसे हालात पैदा हो जाते हैं।

## जीवन के लिए नयी संभावनाओं की तलाश

आगामी चौदह जुलाई को दोपहर 2: 35 बजे भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) चंद्रमा पर चंद्रयान-3 अंतरिक्ष की ओर भेजेगा। यदि चांद पर यह सफलतापूर्वक उतर जाता है, तो अमेरिका, रूस और चीन के बाद भारत इस अभियान में सफलता पाने वाला चौथा देश बन जाएगा। 14 जुलाई को उड़ान भरने के बाद चंद्रयान-3, तीन लाख 75 हजार किलोमीटर की यात्रा करके 23 या 24 अगस्त, 2023 को चंद्रमा के दक्षिणी धुव्र की सतह पर उतरेगा। इसरो ने चांद पर भेजे जाने वाले यान को रॉकेट एलवीएम-3 (लॉन्च व्हीकल मार्क-3) से जोड़ दिया है। रॉकेट श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से अपनी यात्रा शुरू करेगा। कोशिश है कि लैंडर की सॉफ्ट लैंडिंग कराई जाएगी। यान में कई उपकरण चांद की सतह का अध्ययन करेंगे। सभी उपकरणों का परीक्षण सफलतापूर्वक इसी साल मार्च में कर लिया गया है। दरअसल, सफल लैंडिंग के लिए सूर्य की स्थिति के आधार पर तिथि तय की जाती है। इसे उतारते समय चंद्रमा पर सूर्य का प्रकाश होना आवश्यक है। 23 और 24 तारीखों में सूर्य का प्रकाश चांद पर रहेगा। यहां प्रत्येक 14 से 15 दिन अंधेरा रहता है। इसी को चांद का एक दिन और एक रात माना जाता है।

उल्लेखनीय है कि 13 स्वदेशी वैज्ञानिक उपकरणों एवं उपग्रह समेत यान का कुल वजन 4400 क्विंटल के करीब है। स्वदेशी एलवी मार्क तीन रॉकेट इसे अंतरिक्ष में पहुंचाएगा। इसके तीन भाग हैं। लैंडर, ऑर्बिटर और रोवर। रोवर में 'प्रज्ञान' बेहद महत्वपूर्ण है। यही प्रज्ञान चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने के बाद अपने काम में जुट जाएगा। यहां की सतह में पानी और खनिजों की खोज करेगा। चंद्रमा पर हीलियम की खोज करके उससे पृथ्वी पर फ्यूजन पद्धति से ऊर्जा की समस्या का हल करने की परिकल्पना वैज्ञानिकों के दिमाग में है। दरअसल फिलहाल चंद्रमा पर गहरा अंधेरा व सन्नाटा पसरा है। अतएव कृत्रिम तरीकों से बिजली पैदा की जाएगी। यहां जीवनदायी तत्व हवा, पानी और अग्नि नहीं हैं। ये तत्व नहीं हैं इसलिए, जीवन भी नहीं है।



याद रहे भारत द्वारा 2008 में भेजे गए चंद्रयान-1 ने ही दुनिया में पहली बार चंद्रमा पर पानी होने की खोज की थी। चंद्रयान-2 की असफलता का विस्तार चंद्रयान-3 है। यह अभियान मानव को चांद पर उतारने जैसा ही चमत्कारिक होगा। इस अभियान की लागत करीब 7,000 करोड़ रुपये आएगी। चांद पर उतरने वाला यान अब तक चंद्रमा के अछूते हिस्से दक्षिणी धुव्र के रहस्यों को खंगालेगा। चंद्रयान-3 इसरो का पहला ऐसा मिशन है, जो किसी दूसरे ग्रह की जमीन पर अपना यान उतारेगा। दक्षिणी धुव्र पर यान को भेजने का उद्देश्य इसलिए अहम है, क्योंकि यह स्थल दुनिया के अंतरिक्ष वैज्ञानिकों के लिए अब तक रहस्यमय बना हुआ है। यहां की चट्टानें 10 लाख साल से भी ज्यादा पुरानी बताई गई हैं। इतनी प्राचीन चट्टानों के अध्ययन से ब्रह्माण्ड की उत्पत्ति को समझने में मदद मिल सकती है। इससे इतर इस पर लक्ष्य साधने का अन्य उद्देश्य चंद्रमा के इस क्षेत्र का अब तक अछूता रहना भी है। दक्षिणी धुव्र पर अब तक कोई भी यान नहीं उतारा गया है। अब तक के अभियानों में ज्यादातर यान चंद्रमा की भूमध्य रेखा के आसपास ही उतरते रहे हैं। चांद पर उतरने की दिलचस्पी इसलिए भी है, क्योंकि यहां एक तो पानी उपलब्ध होने की संभावना जुड़ गई है, दूसरे यहां ऊर्जा उत्सर्जन की संभावनाओं को भी तलाशा जा रहा है।अंतरिक्ष में मौजूद ग्रहों पर यानों को भेजने की प्रक्रिया बेहद जटिल और शंकाओं से भरी होती है। यदि अवरोह का कोण जरा भी डिग जाए या फिर गति का संतुलन थोड़ा-सा ही लड़खड़ा जाए तो कोई भी चंद्र-अभियान या तो चंद्रमा पर जाकर ध्वस्त हो जाता है, या फिर अंतरिक्ष में कहीं भटक जाता है। इसे न तो खोजा जा सकता है और न ही नियंत्रित करके दोबारा लक्ष्य पर लाया जा सकता है। दरअसल, 7 सितंबर, 2019 की रात्रि में 1:40 बजे भारत ने चंद्रयान-2 भेजा था। लेकिन रात्रि 2:50 बजे अभियान पर पानी फिर गया। वर्ष 1960 के दशक में जब अमेरिका ने उपग्रह भेजे थे, तब उसके शुरू के छह प्रक्षेपण के प्रयास असफल रहे थे। अविभाजित सोवियत संघ ने 1959 से 1976 के बीच 29 अभियानों को अंजाम दिया। इनमें से नौ असफल रहे थे। 1959 में रूस ने पहला उपग्रह भेजकर इस प्रतिस्पर्धा को गति दे दी थी। तब से लेकर अब तक 67 चंद्र-अभियान हो चुके हैं, लेकिन चंद्रमा के बारे में कोई विशेष जानकारी नहीं जुटाई जा सकी है। इस होड़ का ही नतीजा रहा कि अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी ने चंद्रमा पर मानव भेजने का संकल्प ले लिया। 20 जुलाई, 1969 को अमेरिका ने यह ऐतिहासिक उपलब्धि वैज्ञानिक नील आर्मस्ट्रांग और बज एल्ड्रिन को चंद्रमा पर उतारकर प्राप्त भी कर ली। इसी से कदमताल मिलाते हुए रूस ने 3 अप्रैल, 1984 को वैज्ञानिक स्त्रेकालोव, मालिशेव बाईकानूर और राकेश शर्मा को अंतरिक्ष यान सोयूज टी-11 से चंद्रमा पर भेजने में सफलता हासिल की। इस कड़ी में चीन 2003 में मानवयुक्त यान चंद्रमा पर उतारने में सफल हो चुका है।

## गरीब की जान सांसत में, अमीर का एडवेंचर टूरिज्म

बारिश ऐसे गिर रही है, जैसे किसी तर सरकारी विभाग के अफसर के घर में नोट गिरते हैं। आम आदमी यूं सहमा हुआ है, जैसे महीने के आखिरी हफ्ते में कई बंधी तनख्वाह वाला बंदा यह सोचकर कांप जाये कि हाय कोई खर्चा आ गया, तो क्या होगा। कुल मिलाकर टेंशन के दिन और रात हैं, मतलब इन दिनों बरसात के दिन हैं। अंटी में रकम हो, कहीं काम करने न जाना हो, बरसात को बंदा इंजाय करता है, पर कामकाजी आदमी के लिए बरसात लगातार चले, तो बवाल हो जाती है। दरअसल बरसात समस्या नहीं है, समस्या यह है कि आपकी जेब में कितने नोट हैं। भरपूर नोटवालों के लिए बरसात समस्या नहीं है। गर्मी भी समस्या नहीं है। सर्दी भी समस्या नहीं है। समस्या सिर्फ एक ही है- कि जेब में नोट कैसे लाये जायें, बाकी लू, धूप और बरसात टाइप समस्याएं तो खुद-ब-खुद निपट जाती हैं। नालियों को सुधारने में करोड़ों का बजट बहाया जाता है, फिर उन नालियों में बरसात का पानी हरहराकर बहता है। दिल्ली, मुंबई में हर साल बरसात के बाद आश्वासनों की बरसात होती है- अबकी बार ठीक कर देंगे जी। कुल मिलाकर शर्म से डूब मरने के दिन हैं, अगर वादे ठेलने वाले डूब मर पाते तो। एक ज्ञानी ने कहा तुम व्यंग्यकार लोग बहुत निगेटिव थिंकिंग करते हो, कुछ पॉजिटिव सोचा करो। पॉजिटिव सोचने से सारी समस्याएं सॉल्व हो जाती हैं। पांच फुट पानी भरा हो सड़क पर तो हमको सोचना चाहिए कि एडवेंचर टूरिज्म के लिए जरूरी इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार हो गया है। बंदा खुद को आजमा सकता है। विदेशी थ्रिल की तलाश में जाने कहां-कहां भटकते हैं, खतरनाक जंगल, बीहड़ पहाड़, लो जी सब कुछ दिल्ली में है, मुंबई में है, बंगलुरु में है। पांच फुट पानी में चलकर जाने का थ्रिल लीजिये। सरकारें इश्तिहार देकर बता सकती हैं कि फलांजी के नेतृत्व में एडवेंचर टूरिज्म का इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार करा दिया गया है, आइये एडवेंचर टूरिज्म में आपका स्वागत है। कुछ उत्साही मुख्यमंत्री तो एडवेंचर टूरिज्म के लिए कुछ वसूली भी कर सकते हैं, नागरिक जब भी सड़क से निकलेगा, तो विजिट मान पचास-सौ रुपये रख कर जाये बीच सड़क में एडवेंचर करवा रहे हैं जी। जो एंकर एक महीने पहले बता रहा था कि गर्मी में पिघल जायेगी दुनिया, वह बता रहा है कि अब जलप्रलय हो जायेगी। यही एंकर कुछ महीने बाद दिसंबर में बतायेगा कि जैसलमेर में स्नोफाल हो जायेगा और राजस्थान के रेगिस्तान भी बर्फबारी के शिकार हो जायेंगे। कुछ स्कूलों में बरसात के चलते छुट्टी घोषित कर दी गयी है। छोटे बालक कह रहे हैं कि बारिश को और लंबा खिंचना चाहिए। ऊपर वाला बच्चों की प्रार्थना सुनता है।




पेज-6
पाकिस्तान वर्ल्डकप में न्यूट्रल वैन्यू की गुहार आईसीसी से लगाएगा

## नदियां अपने रोके रास्ते को याद रखती हैं

पहली बारिश में ही गुरुग्राम दरिया बन गया, बीते पंद्रह दिनों में विकास और समृद्धि के प्रतिमान दिल्ली-जयपुर हाईवे पर बार-बार जलभराव के कारण जाम लग चुके हैं। ऐसा बीते पांच सालों से हर साल हो रहा है। नाली बनती है, फ्लाईओवर बनते हैं लेकिन बरसात होते ही जल वहीं आ जाता है। यह सभी जानते हैं कि असल में जहां पानी भरता है, वह अरावली से चल कर नजफगढ़ में मिलने वाली साहबी नदी का हजारों साल पुराना मार्ग है, नदी सुखाकर सड़क बनाई गई है। लेकिन नदी भी इंसान की तरह होती है, उसकी याददाश्त होती है, वह अपना रास्ता 200 साल नहीं भूलती। अब समाज कहता है कि उसके घर-मोहल्ले में जल भर गया, जबकि नदी कहती है कि मेरे घर में इंसान बलात्? कब्जा किये हुए हैं। देश के छोटे-बड़े शहर- कस्बों में कंक्रीट के जंगल बोने के बाद जलभराव एक स्थायी समस्या है और इसका मूल कारण है कि वहां बहने वाली कोई छोटी-सी नदी, बरसाती नाले और जोहड़ों को समाज ने अस्तित्वहीन समझ कर मिटा दिया। यह तो अब समझ आ रहा है कि समाज, देश और धरती के लिए नदियां और बरसाती नाले बहुत जरूरी हैं, लेकिन अभी यह समझ में आना शेष है कि छोटी नदियों और बरसाती नालों पर ध्यान देना अधिक जरूरी है। गंगा, यमुना जैसी बड़ी नदियों को स्वच्छ रखने पर तो बहुत काम हो रहा है, पर ये नदियां बड़ी इसीलिए बनती हैं क्योंकि इनमें बहुत-सी छोटी नदियां आकर मिलती हैं। यदि छोटी नदियों में पानी कम होगा तो बड़ी नदियां भी सूखी रहेंगी। यदि छोटी नदी में गंदगी या प्रदूषण होगा तो वह बड़ी नदी को प्रभावित करेगा। बरसाती नाले अचानक आई बारिश की असीम जलनिधि को अपने में समेट कर समाज को डूबने से बचाते हैं।



छोटी नदियां और नाले अक्सर गांव, कस्बों में बहुत कम दूरी में बहते हैं। कई बार एक ही नदी के अलग-अलग गांव में अलग-अलग नाम होते हैंङ्क कभी वह नाला कहलाती है, कभी नदी। ऐसी कई जलनिधियों का तो रिकार्ड भी नहीं है। हमारे लोक समाज और प्राचीन मान्यता नदियों और जल को लेकर बहुत अलग थी, बड़ी नदियों से दूर घर-बस्ती हो। बड़ी नदी को अविरल बहने दिया जाए। कोई बड़ा पर्व या त्योहार हो तो बड़ी नदी के किनारे एकत्र हों, स्नान करें और पूजा करें। छोटी नदी या तालाब या झील के आसपास बस्ती हों। यह जल संरचना दैनिक कार्य के लिए जैसे स्नान, कपड़े धोने, मवेशी आदि के लिए। पीने के पानी के लिए घर-आंगन, मोहल्ले में कुआं, जितना जल चाहिए, श्रम करिए, उतना ही रस्सी से खींच कर निकालिए। अब यदि बड़ी नदी बहती रहेगी तो छोटी नदी या तालाब में जल बना रहेगा, यदि तालाब और छोटी नदी में पर्याप्त जल है तो घर के कुएं में कभी जल की कमी नहीं होगी।

एक मोटा अनुमान है कि आज भी देश में कोई 12 हज़ार छोटी ऐसी नदियां हैं, जो उपेक्षित हैं, उनके अस्तित्व पर खतरा है। उन्नीसवीं सदी तक बिहार (आज के झारखंड को मिलाकर) में कोई छह हज़ार नदियां हिमालय से उतर कर आती थीं। आज इनमें से महज 400 से 600 का ही अस्तित्व बचा है। मधुबनी, सुपौल में बहने वाली तिलयुगा नदी कभी कोसी से भी विशाल हुआ करती थी, आज उसकी जलधारा सिमट कर कोसी की सहायक नदी के रूप में रह गई है। सीतामढ़ी की लखनदेई नदी को तो सरकारी इमारतें ही चाट गईं। नदियों के इस तरह रूठने और उससे बाढ़ और सुखाड के दर्द के साथ-साथ चलने की कहानी देश के हर जिले और कस्बे की है। लोग पानी के लिए पाताल का सीना चीर रहे हैं और निराशा हाथ लगती है; उन्हें यह समझने में दिक्कत हो रही है कि धरती की कोख में जल भंडार तभी लबालब रहता है, जब पास बहने वाली नदिया हंसती-खेलती हों।

अंधाधुंध रेत खनन, जमीन पर कब्जा, नदी के बाढ़क्षेत्र में स्थायी निर्माण ही छोटी नदी के सबसे बड़े दुश्मन हैं। दुर्भाग्य से जिला स्तर पर कई छोटी नदियों का राजस्व रिकार्ड नहीं हैं, उनको शातिर तरीके से नाला बता दिया जाता है। जिस साहबी नदी पर शहर बसाने से हर साल गुरुग्राम डूबता है, उसका बहुत-सा रिकार्ड ही नहीं है। झारखंड-बिहार में बीते चालीस साल के दौरान हज़ार से ज्यादा छोटी नदियां गुम हो गईं। हम यमुना में पैसा लगाते हैं लेकिन उसमें जहर ला रही हिंडन, काली को और गंदा करते हैंङ्क कुल मिलाकर यह नल खुला छोड़ कर पोंछा लगाने का श्रम करने जैसा है।

छोटी नदी केवल पानी के आवागमन का साधन नहीं होती, उसके चारों तरफ समाज भी होता है और पर्यावरण भी। नदी किनारे किसान भी हैं और कुम्हार भी, मछुआरा भी और धीमर भी। नदी की सेहत बिगड़ी तो तालाब से लेकर कुएं तक में जल का संकट हुआङ्क सो परोक्ष और अपरोक्ष समाज का कोई ऐसा वर्ग नहीं है जो इससे प्रभावित नहीं हुआ हो। नदी-तालाब से जुड़कर पेट पालने वालों का जब जल-निधियों से आसरा ख़त्म हुआ तो मजबूरन उन्हें पलायन करना पड़ा। इससे एक तरफ जल-निधियां दूषित हुईं तो दूसरी तरफ बेलगाम शहरीकरण के चलते महानगर अर्बन स्लम में बदल रहे हैं। स्वास्थ्य, परिवहन और शिक्षा के संसाधन महानगरों में केन्द्रित होने के कारण ग्रामीण सामाजिक- आर्थिक संतुलन भी इससे गड़बड़ा रहा है। जाहिर है कि नदी-जीवी लोगों की निराशा ने समूचे समाज को समस्याओं की नई सौगात दी है।

सबसे पहले छोटी नदियों और बरसाती नालों का एक सर्वे और उसके जलतंत्र का दस्तावेजीकरण हो, फिर छोटी नदियों की अविरलता सुनिश्चित हो, फिर उससे रेत उत्खनन और अतिक्रमण को मानव-द्रोह अर्थात्? हत्या की तरह गंभीर अपराध माना जाए। नदी के सीधे इस्तेमाल से बचें। नदी में पानी रहेगा तो तालाब, जोहड़, समृद्ध रहेंगे और कुओं में भूजल होगा। स्थानीय इस्तेमाल के लिए पारम्परिक तरीके जीवित कर वर्षा जल की एक-एक बूंद एकत्र की जाए; नदी के किनारे कीटनाशक के इस्तेमाल, साबुन और शौच से परहेज के लिए जन जागरूकता और वैकल्पिक तंत्र विकसित हों। सबसे बड़ी बात नदी को सहेजने का जिम्मा स्थानीय समाज, खासकर उससे सीधे जुड़े लोगों को दिया जाए, जैसे कि मद्रास से पुदुचेरी तक ऐरी के रखरखाव के लिए जल-पंचायत हैं।

जरा बारीकी से देखें जो छोटी नदियां बरसात में हर बूंद को खुद में समेट लेती थीं, दो महीने उनका विस्तार होता था, फिर वे धीरे-धीरे स्थानीय उपयोग और मध्यम नदियों को अपनी जलनिधि साझा करती थीं, सो कभी बाढ़ आती नहीं थी। अब ऐसी छोटी नदियों के मुख्यधारा के मार्ग में अतिक्रमण होता जा रहा है। नदी के कछार ही नहीं, प्रवाह मार्ग पर भी लोग मकान बना लेते हैं। कई जगह धारा को तोड़ दिया जाता है। साल के अधिकांश महीनों में छोटी नदियां पगडंडी और ऊबड़-खाबड़ मैदान के रूप में तब्दील होकर रह जाती हैं।

जलवायु परिवर्तन के दुष्परिणाम अब सामने आ रहे हैं। ऐसे में छोटी नदियां बाढ़ से बचाव के साथ-साथ धरती के तापमान को नियंत्रित रखने, मिट्टी की नमी बनाए रखने और हरियाली के संरक्षण के लिए अनिवार्य हैं। नदी तट से अतिक्रमण हटाने, उसमें से बालू-रेत उत्खनन को नियंत्रित करने, नदी की गहराई के लिए उसकी समय-समय पर सफाई से इन नदियों को बचाया जा सकता है; सबसे बड़ी बात- समाज यदि इन नदियों को अपना मानकर सहेजने लगे तो इससे समाज का ही भविष्य उज्ज्वल होगा।

# प्रदेश सरकार पीडीएस मामले में अब तक हुई जांच, वसूली और दोषी अफसरों पर कार्रवाई को सार्वजनिक करे : शर्मा

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

**गरियाबंद।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता संदीप शर्मा ने पुरजोर मांग की है कि प्रदेश सरकार पीडीएस मामले में अब तक हुई जांच, वसूली और दोषी अफसरों पर कार्रवाई को सार्वजनिक करे। श्री शर्मा ने कहा कि 600 करो? रुपए के इस पीडीएस घोटाले को विधानसभा में स्वीकार करते हुए प्रदेश सरकार ने विधानसभा की कमेटी के बजाय अधिकारियों से जांच कराने की बात कही थी। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री शर्मा ने कहा कि विधानसभा में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने यह मामला उठाया था और अतिशेष स्टॉक को लेकर खाद्य विभाग और जिला प्रशासन के आंकड़ों में अंतर होने की बात कही थी। 59 लाख मीटरिक टन चावल गायब होने की जांच कराने की मांग करके डॉ. सिंह ने बड़े घोटाले के खुलासे का दावा किया था। श्री शर्मा ने कहा कि विधानसभा में खाद्य मंत्री अमरजीत भगत ने स्वीकार



किया था कि 4,952 राशन दुकानों में 41 हजार टन चावल की कमी पाई गई है। खाद्य मंत्री भगत ने सदन को 24 मार्च, 2023 तक सभी जिलों की कार्रवाई पूर्ण कर विभाग को प्रस्तुत करने के निर्देश की जानकारी भी दी थी। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री शर्मा ने कहा कि पीडीएस के इस घोटाले में अधिकारियों व कर्मचारियों की संलिप्तता को देखते हुए पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. सिंह ने अधिकारियों के बजाय विधानसभा की कमेटी से इसकी जांच कराने की मांग विधानसभा में की थी, लेकिन प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने इसे सिरे से खारिज कर उन अधिकारियों से इस घोटाले की जांच कराने की बात कही जिन्होंने इस पूरे घोटाले को अंजाम दिया था। इससे अधिक प्रदेश के लिए दुर्भाग्यपूर्ण कुछ और नहीं हो सकता। श्री शर्मा ने सवाल किया कि क्या प्रदेश सरकार ने इस घोटाले की ठीक-ठीक जांच कराई। जांच के बाद वसूली की बात भी प्रदेश सरकार ने स्वीकार की है। अब प्रदेश सरकार को इस पूरे घोटाले की जांच कर सच प्रदेश के सामने रखते हुए यह बताना चाहिए कि पीडीएस घोटाले में सरकार ने कितनी वसूली की? जब वसूली हो गई है तो यह तय है कि भ्रष्ट अधिकारियों व कर्मचारियों ने घोटाला किया है। श्री शर्मा ने प्रदेश सरकार से यह भी जानना चाहा कि इस मामले में किन अधिकारियों ने भ्रष्टाचार किया और उन भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ प्रदेश सरकार ने क्या कार्रवाई की है। कितने अधिकारियों को प्रदेश सरकार ने दंडित कर जेल भेजा। प्रदेश सरकार इस पूरे मामले की जांच व कार्रवाई की तथ्यपरक जानकारी प्रदेश को दे।

# थाना भगवानपुरा एवं यातायात थाना प्रभारी खरगोन के संयोग से जागरूकता अभियान चलाया गया

**खरगोन जिले से मुन्ना खान पुष्पांजली टुडे**

माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर में लंबित 7436/21 के अंतर्गत वाहन चालकों को यातायात नियमों का शत-प्रतिशत पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। जिस के पालन में पुलिस महानिरीक्षक महोदय इंदौर ग्रामीण श्री राकेश गुप्ता जी के मार्गदर्शन , पुलिस अधीक्षक महोदय खरगोन के निर्देशन में दो पहिया वाहन सवार द्वारा हेलमेट एवं चार पहिया सवार वाहन चालकों द्वारा सीट बेल्ट धारणा करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध दिनांक 7 जुलाई 2023 से 7 अगस्त 2023 तक (दो माह) का विशेष अभियान संचालित कर प्रभावी कार्यवाही करते हुए यातायात नियमों का



पालन कराने हेतु खरगोन जिले के समस्त थाना एवं चौकी क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाया जा रहा है तथा वाहन चालकों द्वारा हेलमेट एवं सीट बेल्ट धारण ना करने के संबंध में स्कूल /कॉलेजों में, मोहल्लों कस्बों में एवं सार्वजनिक स्थलों पर विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत आज दो पहिया वाहन सवार द्वारा हेलमेट एवं चार पहिया सवार वाहन चालकों द्वारा सीट बेल्ट धारण ना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही कर सम्मन शुल्क वसूला गया तथा जागरूकता अभियान के तहत भगवानपुरा के बाजार, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में यातायात जागरूकता संबंधी पंपलेट का वितरण कर वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई। साथ ही भगवानपुरा थाने में यातायात जागरूकता कार्यक्रम, यातायात पुलिस थाना टीम के सहयोग से एवं भगवानपुरा के तहसीलदार एवं सीईओ के समन्वय से करीब 70 से 80 लोगों ने हिस्सा लिया. यातायात नियमों और उसके पालन के महत्व के बारे में जानकारी दी और पुस्तिकाएं और पंपलेट भी बांटे। यातायात नियमों का पालन करें सुरक्षित घर पहुंचे।

# गेल इंडिया ने स्वक्षता पखवाडे को लेकर स्कूल और थाना परिसर में चलाया अभियान

**गौरव शर्मा**

**कैलारस-** गेल इंडिया ने स्वक्षता पाखबाड़े का स्कूल और थाना परिसर में चलाया अभियान गेल



इंडिया के जनरल मैनेजर जय प्रकाश गौड़ ने जानकारी देते हुए बताया की 1 जुलाई से 15 जुलाई तक गेल इंडिया सम्पूर्ण भारत मे स्वक्षता पखवाड़ा मना रही हैं इसी को लेकर कैलारस ( रिठौनिया) गेल इंडिया की ओर से कैलारस एव कैलारस के आस पास क्षेत्र में स्वक्षता पाखबाड़े को लेकर जन जागरण संदेश देने के लिए पाखबाड़े के शुरुआत की जा रही हैं इसी को लेकर हमने पहाडड़ड़ के विद्यालय में बच्चो ओर स्टाफ एव कैलारस थाने में पुलिस स्टाफ के साथ स्वक्षता पखवाडा अभियान चलाया पहाडड़ड़ स्कूल में बच्चों के स्वक्षता के बारे में बताया की हमे अपने आस पास हमेशा साफ सफाई रखना चाहिए जिससे कि हमे कोई बीमारी न हो एव स्वस्थ्य रह सके बही दूसरे पड़ाव में हमने कैलारस थाने में स्वक्षता पखवाडे का अभियान चलाकर गेल इंडिया के सफाई कर्मचारियों ने थाना परिसर में साफ सफाई अभियान चलाया बही पुलिस थाना कैलारस स्टाप के साथ स्वक्षता अभियान को लेकर चर्चा कर संदेश दिया कि हमे हमेशा अपने आस पास की जगह को साफ रखना है बही स्वक्षता पखवाडे के तहत गेल इंडिया दुबारा थाना पसरिसर में डस्टबीन भी रख बाए गए जिससे कि परिसर साफ रहे बही इस अभियान में जीतने में पब्लिक प्लेस हैं वहा एव अन्य जगह गेल इंडिया दुबारा साफ सफाई अभियान चलाया जाएगा एव लोगो को संदेश दिया जाएगा इस स्वक्षता पाखबाड़े के तहत हमरा सभी से यही कहना है कि हम सब मिलकर यह सपथ ले कि ना में गंदगी करुगा ना किसी को गंदगी करने दूँगा गेल इंडिया का उद्देश्य शहर को स्वक्ष एव साफ रखना है स्वक्षता पखवाड़ा अभियान में जय प्रकाश गौड़, महाप्रबंधक एवं प्रभारी अधिकारी,रमन शर्मा, प्रबंधक एचआर, मोहित सिंह, वरिष्ठ अधिकारी, विजय कुमार, अधिकारी सुरक्षा श्री सचिन अग्रवाल सहित पुलिस एव स्कूल स्टाप मौजूद रहा।

# करमा के जेसी जेसी हो सरलता जीवन में : मंहत हरिदास

**पुष्पाजंली टुडे**



**बेंगलुरू।** फूलो की नगरी बेंगलुरू अग्राहरा दासरहल्ली में स्थित रामदेव प्रार्थना मंदिर में चातुर्मास विराजित संत महंत हरिदास महाराज ने कहा की करमा के जेसी हो सरलता जीवन में..महंत हरिदास ने मारवाड़ की परम भक्त करमा बाई जी जीवन चरित्र सुनाते हुए कहा कि जीवन में सरलता होनी चाहिए आज आधुनिकता की भागदौड़ में आदमी जटिल हो गया असहज हो गया है मनुष्य को परमात्मा का अनुभव के लिए सरल और सहज होना बहुत जरूरी है। अपनी सरलता और सहजता से ही करमा बाई जी भगवान जगन्नाथ को प्रसन्न किया ।साथ ही साथ महंत हरिदास ने बताया कि वायक्ति को जीवन में संत सेवा व सत्संग भी आवश्यक रूप से करना चाहिए सत्संग के द्वारा जीवन में सृजनात्मकता आती है सद्गुणों का विकास होता है।सत्संग व्यक्ति के जीवन में एक सुरक्षा कवच की भांति है इसलिए हर व्यक्ति को अपने जीवन में सत्संग से जुड़े रहना चाहिए । हरिदास महाराज ने आज की सत्संग में एक से बढ़कर एक मधुर स्वर में भजनों की प्रस्तुतियां दी । थाली भरके ल्याई रे खिचड़ो, उपर घी की बाटकी। जिमो म्हारा श्याम धणी, जीमावै बेटी जाट की...।बाबो म्हारो गांव गयो है, कुण जाणै कद आवैला। बाबा के भरोसै सांवरा भूखो ही रह जावेला। आदी भजनों पर महिलाओं ने भाव विभोर होकर नृत्य किया। आज के प्रसाद आरती के लाभार्थी हरीराम, डूंगर राम, बुधाराम देवासी रहे। वही पुरूषो में बालकिशन जांगिड़, रामस्वरूप जांगिड़ रामेश्वर जांगिड़ तथा महिलाओं में दाकु बाई, संतोष देवी, नितु, राधा बाई, जमुदेवी ने व्यवस्था में सहयोग दिया।

# करणी सेना में आकाश तोमर प्रदेश संगठन मंत्री मनोनीत

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूरजपाल सिंह अम्मू के निर्देशानुसार मध्य प्रदेश अध्यक्ष संतोष सिंह भदौरिया ने भिंड से जिलाध्यक्ष रहे आकाश सिंह तोमर अंशु को प्रदेश संगठन मंत्री नियुक्ति किया है।प्रदेश संगठन मंत्री नियुक्ति किये जाने पर आकाश सिंह अंशु ने बरिष्ठ नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज ही मेरी ताकत है और सामाजिक कार्य के लिए सदैव तत्पर रहूंगा समाज एवं संगठन ने मुझे जो जिम्मेदारी दी है,आभार व्यक्त किया है। इस मौके पर बधाई देने वालों में प्रदेशाध्यक्ष संतोष सिंह भदौरिया, राहुल भदौरिया,कल्लू भदौरिया,भिंड जिलाध्यक्ष हरी भदौरिया,गिर्राज राजावत,रामभान भदौरिया, विवेक भदौरिया।



# पंच परमेष्ठि की आराधना करने से परमसुख मिलता है: मुनिश्री राजपद्मसागर जी म.सा

**पुष्पाजंली टुडे**

बेंगलुरू ~ फूलो की नगरी बेंगलुरू में स्थित जे.पी.पी. श्रमणी भवन में मुनि श्री राजपद्मसागरजी म.सा. ने प्रवचन के दौरान अनेक श्रद्धालुओं को समझाते हुए बताया कि परम सुख पाना हो तो पंच परमेष्ठि की आराधना करना चाहिए, नवकार महामंत्र के विषय में विस्तार से बताया कि चौदपूर्व का सार नवकार मंत्र है, 68 नवकार मंत्र में अक्षर है. पंच परमेष्ठि और दो देव है, और तीन गुरु का समावेश होता है, नमस्कार महामंत्र



की साधना ही सिद्ध पद की प्राप्ति करवाता है, और धर्मबिंदु ग्रंथ के स रचयिता आचार्य श्री हरिभद्रसूरिजी म.सा ने 1444 ग्रंथो रचना कि है, उन्होंने ग्रंथ में बताया है कि वाणी के अलग-अलग प्रकार होते है, वाणी आठ गुण बतलाते हुए कहा मधुरम् - यानि मीठे शब्द बोलना चाहिए, अच्छा बोलना चाहिये, जो मीठे शब्दों में बात करता है, उसकी बातो को सब ग्रहण करते है... और मुनिश्री श्रमणपसागर म.सा ने कहा कि. नमस्कार में इतनी ताकत शक्ति है कि वो बहुत कुछ प्राप्त करने की शक्ति है जो झुकता है वही कुछ प्राप्त कर सकता है 14 दिनांक 16 जुलाई रविवार के दिन अहो जिनशासनम् के विषय मे पूज्य गुरुदेव के मुखारविंद से अद्भूत प्रस्तुति सुबह 8~ बजे प्रारंभ होगा.. अपने संघ में 18 जूलाई से संतिकरम् महातप का शुभारंभ होने जा रहा है।

# ब्रिटानिया न्यूट्रीशन फाउंडेशन के 13 वर्ष पुर्ण होने पर किया गया सभी विभागों की टीम का आभार



ब्रिटानिया न्यूट्रिशन फाउंडेशन की टीम ने किया सभी का आभार व्यक्त, परियोजना बरई में ब्रिटानिया न्यूट्रीशन फाउंडेशन के द्वारा फाउंडेशन की 13वी वर्ष गांठ मनाई गई। इस कार्यक्रम में सभी विभागों की टीम को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य उन सभी विभागों का आभार व्यक्त करना था जिनके साथ मिलकर टीम क्व्हस्र कुपोषण एवं एनीमिया पर कार्य कर रही है साथ ही यह बताना था की पिछले 4 वर्ष में टीम क्व्हस्र द्वारा कैसे जमीनी स्तर पर कार्य किया जा रहा एवं वर्तमान में कुपोषण का स्तर ब्लॉक में कैसा है यह सब एक वीडियो के माध्यम एवम् नुक्कड़ नाटक के द्वारा सभी को अवगत करवाया गया। विभाग से आए हुए सभी टीम के सदस्यों द्वारा विभाग में चले रही सरकारी योजना के बारे में बताया एवम् कैसे उसका लाभ ले सकते हैं उसकी प्रकिया के बारे में बताया, समन्वित ग्राम विकास की कमेटी के सदस्यों ने गांव मे वर्तमान मे चल रहे विकास के कार्य के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महिला एवं बाल विकास से सीडीपीओ ज्ञानेंद्र शर्मा एवं पर्यवेक्षक(पल्लवी जैन, सुरुचि गुप्ता, उषा पाण्डे, लक्ष्मी तोमर, माला निवारिया, मनीषा यादव),उद्यानिकी विभाग से गणेश धाकड़, कृषि विज्ञान केंद्र से सुरुचि गुप्ता, एन आर एल एम से अमित गुप्त जी एवं मोनेश्वर पांडे, श्वद्धद्ध से रजनीश, जे बी एम फैक्ट्री से एचआर नीरज पाठक ,अजीत गोपीनाथ कार्यसमिति मंडल अध्यक्ष, मीडिया प्रभारी रहीश खान , ब्रिटानिया न्यूट्रीशन फाउंडेशन की डीपीओ जितेंद्र पटीदार, प्रोग्राम कॉर्डिनेटर मनीष शर्मा टीम से फील्ड कार्डीनेटर अनिल मिश्रा, ललिता, शिवम, हर्षिता, पूजा, अंकिता, पुरन सिंह,गजेंद्र, राजीव और सुपोषण सखी, न्यूट्रीशन चैम्पियन मौजूद रहे।

# मप्र पर्यटन क्विज 2023 के कैलेंडर का हुआ विमोचन

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** शासकीय एवं अशासकीय स्कूली छात्र-छात्राओं के मध्य होने वाली एमपी पर्यटन क्विज प्रतियोगिता 2023 के कैलेंडर का विमोचन कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस द्वारा कलेक्टर कक्ष में किया गया। जिसमें पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री, अपर कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी जय प्रकाश सैयाम, क्विज प्रतियोगिता आयोजन प्रभारी प्रबल श्रीवास्तव एवं विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे। मध्य प्रदेश के ऐतिहासिक, सामाजिक, सांस्कृतिक विषयों पर आधारित लिखित परीक्षा 27 जुलाई को शासकीय उत्कृष्ट उ. मा. वि. क्रमांक 1 भिण्ड में 27 जुलाई को प्रातः 10 से सायं 4 ~ 30 तक आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता में हाईस्कूल के एवं हायर सेकेंडरी के 3 छात्रों का नामांकन किया गया है जो इस परीक्षा में सहभागिता कर सकेंगे। एमपी पर्यटन विकास निगम के द्वारा जिला स्तर पर लिखित परीक्षा के प्रथम विजेता टीम को 2 रात 3 दिन एवं उप विजेता टीमों को एक रात 2 दिन का एमपीटी के होटल में आवास भोजन दिया जावेगा । अधिक जानकारी के लिए सत्यभान सिंह भदौरिया मास्टर ट्रेनर, एडीपीसी (आर.एम.एस.ए) जिला भिण्ड से 9009774640 एवं प्रबल श्रीवास्तव 9826354207 पर संपर्क कर सकते हैं। पर्यटन का उद्देश्य ऐतिहासिक धरोहर एवं संस्कृति से परिचय कराना एवं प्रगतिशील पर्यटन की संभावना की आधारशिला तैयार करना है।



# भाजपा के शक्ति केंद्र व बूथ समिति को गतिशील करना विधानसभा समन्वय समिति का दायित्व: जामवाल

## भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री ने कहा कार्यकर्ता विपक्ष के झूठ और भ्रम की राजनीति को जनता के सामने बेनकाब करें, खरगोन, कसरावद, भगवानपुरा और भीकनगांव विधानसभा क्षेत्र की चुनाव संचालन समिति संपन्न

**खरगोन जिले से मुन्ना खान पुष्पांजली टुडे**

खरगोन। आगामी विधानसभा व लोकसभा चुनाव की दृष्टि से भाजपा के शक्ति केंद्र तथा बूथ व पन्ना समितियों को गतिशील बनाने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी विधानसभा संचालन/समन्वय समिति की है। समन्वय समिति के सदस्य आपस में तालमेल व संवाद कायम कर सकारात्मक सोच व पारिवारिक भाव से काम करें। आगामी बैठक में विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक बूथ पर 51 प्रतिशत वोट प्राप्त करने का लक्ष्य निर्धारित करें। आठ प्रकार की समितियां गठित कर उनमें दो-दो सदस्य बनाए जो सौंपे गए दायित्व का निर्वहन करें। हमें आगामी चुनाव की तैयारियों में जुट जाना है और विजय के लक्ष्य को प्राप्त करना है। यह बात भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने बुधवार को नर्मदा तट खलटांका स्थित नमाडस रिसोर्ट में खरगोन जिले में खरगोन, कसरावद, भगवानपुरा और भीकनगांव विधानसभा क्षेत्रवार चुनाव संचालन/समन्वय समिति की बैठक को संबोधित करते हुए कही। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी प्रकाश भावसार ने बताया क्षेत्रीय संगठन महामंत्री श्री जामवाल ने चारों विधानसभा क्षेत्र की पृथक बैठकों में कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के बीते नौ वर्ष सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित रहे है। देश की अर्थव्यवस्था सुदृढ़ हुई है और नीतियों से गरीबों के जीवन में उल्लेखनीय बदलाव आया है। हमारी सरकार सबका साथ-सबका विकास के संकल्प लेकर हर क्षेत्र, हर समाज, हर वर्ग के लिए भरपूर कार्य कर रहे है। हमें केंद्र व प्रदेश सरकार की अनेक



जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाकर लाभ दिलाना और हितग्राहियों को पार्टी से जोड़ने का काम करना है। देश एवं प्रदेश में विपक्ष झूठ और भ्रम की राजनीति कर जनता को भ्रमित करने की कोशिश में है, लेकिन देश और प्रदेश की जनता भारतीय जनता पार्टी के साथ है। भारतीय जनता पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता विपक्ष के हर झूठ और भ्रम को बेनकाब करे। आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव में प्रत्येक बूथ पर 51 प्रतिशत वोट पाना हमारा प्रमुख लक्ष्य है। बैठकों में इंदौर संभाग प्रभारी राघवेंद्र गौतम, सह प्रभारी तेजबहादुर सिंह, खरगोन सांसद गजेंद्रसिंह पटेल, जिलाध्यक्ष राजेंद्रसिंह राठौर, जिला प्रभारी राजीव यादव, विधानसभा प्रभारी, संयोजक सहित विधानसभा क्षेत्र संचालन समिति के सदस्य उपस्थित थे। बूथ के 22 करणीय कार्य पर कार्य करें। श्री जामवाल ने कहा पहली बार मध्यप्रदेश में इस तरह की रचना हुई है, जिसमें संगठन के मापदंडों के अनुरूप प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में इस तरह की टोली का गठन किया गया है, जो टोली विधानसभा से लेकर लोकसभा चुनाव तक काम करेगी। प्रदेश में विधानसभा चुनाव का शंखनाद हो चुका है। प्रत्येक कार्यकर्ता के पास कोई न कोई जिम्मेदारी हो यह सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि शक्ति केन्द्र व बूथ सशक्तीकरण के तहत बूथ कार्यकारिणी का सत्यापन, 22 करणीय कार्य और बूथ की बैठकें आयोजित करना है। उन्होंने कहा की शक्ति केंद्र एवं बूथ की टोली के साथ निरंतर बैठक करनी है, बूथ की सूची का सत्यापन करने के साथ ही बूथ समिति का सामाजिक समीकरण भी ठीक करना है।

### भारत-वेस्टइंडीज टेस्ट सीरीज कल से

# क्रिकेट किंग था वेस्टइंडीज, 29 टेस्ट सीरीज तक हारा नहीं




दिलीप वेंगसरकर एंडी रॉबर्ट्स

दो दिन बाद भारत और वेस्टइंडीज के बीच दो टेस्ट मैचों की सीरीज शुरू हो रही है। 12 जुलाई से रोसो आइलैंड में पहला मुकाबला खेला जाना है। इस सीरीज के साथ ही दोनों टीमें वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप के अगले राउंड (2023-25) का आगाज करेंगी। रोहित शर्मा की कप्तानी वाली भारतीय टीम इस सीरीज में एकतरफा अंदाज में जीत हासिल करने की दावेदार बताई जा रही है। कारण साफ है। टेस्ट क्रिकेट में दोनों टीमों के स्तर में फासला अब बहुत बढ़ गया है। भारतीय टीम इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के साथ दुनिया की टॉप-3 टीमों में है। वहीं, खेल की क्वालिटी के हिसाब से वेस्टइंडीज की हैसियत अब आयरलैंड और अफगानिस्तान से भी कम होती जा रही है। आज लगातार गर्त में जा रही वेस्टइंडीज टीम की स्थिति हमेशा ऐसी नहीं रही थी। इस सदी में लगातार डिक्लाइन देखने वाली इस टीम ने पिछली सदी में करीब 20 साल तक क्रिकेट की दुनिया पर राज किया था। इस स्टोरी में हम तब के दौर में कैरेबियाई टीम का रिकॉर्ड देखेंगे। साथ ही यह भी जानेंगे कि भारत ने इस टीम के खिलाफ कैसा खेल दिखाया था?

**वेस्टइंडीज का गोल्डन एरा कब से कब तक रहा :** 1975 से 1995 तक का समय वेस्टइंडीज क्रिकेट का गोल्डन एरा कहा जाता है। देखिए इस दौरान कैरेबियाई टीम ने कौन-कौन सी उपलब्धि हासिल की थीं-

तब कैरेबियाई टीम में सर विवि रिचर्ड्स, क्लाइव लॉयड, गॉर्डन ग्रीनिज, डेसमंड हैंस जैसे दिग्गज बल्लेबाज थे। बाद में ब्रायन लारा जैसा दिग्गज भी दुनिया ने देखा। इसके साथ ही, यह वह दौर था जब कैरेबियाई पेसर्स से दुनिया भर के बल्लेबाज खौफ खाते थे। तब टीम में माइकल होल्डिंग, एंडी रॉबर्ट्स, जोएल गार्नर और मैलकम मार्शल जैसे गेंदबाज थे। इनके रिटायरमेंट के बाद कोर्टनी वॉल्श, कर्टली एंब्रोज और इयान बिशप जैसे फास्ट बॉलर आए। टीम घर और बाहर हर परिस्थितियों में हर टीम के खिलाफ जीत की दावेदार होती थी।

**इन दो दशक में वेस्टइंडीज में 5 मैच ही जीत सका भारत :** 1975 से 1995 तक के पीरियड में भारत और वेस्टइंडीज के बीच कुल 34 टेस्ट मैच हुए, जिनमें भारतीय टीम सिर्फ 5 में जीत हासिल कर सकी। 13 टेस्ट में वेस्टइंडीज जीता और 16 मुकाबले ड्रॉ रहे। इस टाइम पीरियड में वेस्टइंडीज के खिलाफ उसके घर में भारत ने 13 टेस्ट मैच खेले थे, जिसमें उसे सिर्फ 1 में जीत मिली थी। 7 में वेस्टइंडीज की टीम जीती और 5 टेस्ट ड्रॉ रहे। वनडे में भी तस्वीर टेस्ट जैसी ही थी। इस दौरान भारत और वेस्टइंडीज के बीच कुल 50 वनडे हुए थे। 17 में भारत जीता था और 32 में वेस्टइंडीज। 1 मैच टाई रहा था। वनडे में इस दौरान वेस्टइंडीज के खिलाफ वेस्टइंडीज में भारत ने 8 मैच खेले थे। 1 में जीत मिली थी और 7 में हार। ऑस्ट्रेलिया देती थी सबसे ज्यादा फाइट

1975 से 1995 तक के अपने गोल्डन एरा में दोनों फॉर्मेट में वेस्टइंडीज का पलड़ा तमाम टीमों के खिलाफ भारी रहा। विपक्षी टीमों में वेस्टइंडीज को सबसे ज्यादा फाइट ऑस्ट्रेलिया से मिली। इस दौरान ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज के खिलाफ वेस्टइंडीज में 19 टेस्ट मैच खेले और 4 में जीत हासिल की। वेस्टइंडीज ने 9 मुकाबले जीते थे और 6 ड्रॉ रहे थे। ऑस्ट्रेलिया ने ही वेस्टइंडीज के लगातार 29 सीरीज में न हारने के क्रम को 1995 में तोड़ा था। इसी हार के बाद वेस्टइंडीज क्रिकेट के पतन की शुरुआत हो जाती है और 2023 में उस मुकाम पर आ चुकी है जब कैरेबियाई टीम पहली बार वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई ही नहीं कर पाई है।



### टीम इंडिया डोमिनिका टेस्ट से पहले फील्डिंग प्रैक्टिस की

# कोहली-गिल सहित कई खिलाड़ियों ने स्पेशल ड्रिल किया

**बारबाडोस।** टीम इंडिया वेस्टइंडीज दौरे पर बुधवार को डोमिनिका में वेस्टइंडीज के खिलाफ अपने पहले टेस्ट मैच का आगाज करेगी। भारतीय टीम को वेस्टइंडीज दौरे पर दो टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है। पहले टेस्ट से एक दिन पहले टीम इंडिया के पूर्व कप्तान विराट कोहली, ओपनर शुभमन गिल सहित कई खिलाड़ियों ने कैचिंग और फील्डिंग को बेहतर करने के लिए स्पेशल ड्रिल की। इसका वीडियो भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (क्चष्टष्टढ्ढ) ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। क्चष्टष्टढ्ढ की ओर से पोस्ट किए गए वीडियो में कोच राहुल द्रविड़ के साथ विराट कोहली, शुभमन गिल, ईशान किशन, केएस भरत, अजिंक्य रहाणे और आर अश्विन नजर आ रहे हैं। क्चष्टष्टढ्ढ ने वीडियो को पोस्ट करते हुए कैप्शन में लिखा है कि यह एक कलरफुल फील्डिंग प्रैक्टिस है। वीडियो में सभी खिलाड़ी एक घूमती हुई चीज को बार-बार पकड़ने की कोशिश कर रहे हैं। उसे पकड़ने वाला खिलाड़ी पहले अपना कलर चुन लेता है और उसके बाद उसी कलर के हिस्से को पकड़ने की कोशिश कर रहा है। कोच राहुल द्रविड़ के साथ विराट कोहली, शुभमन गिल, ईशान किशन, केएस भरत, अजिंक्य रहाणे और आर अश्विन स्पेशल ड्रिल करते हुए। कोच राहुल द्रविड़ के साथ विराट कोहली, शुभमन गिल, ईशान किशन, केएस भरत, अजिंक्य रहाणे और आर अश्विन स्पेशल ड्रिल करते हुए। पहले टेस्ट के लिए डोमिनिका में पहुंचने से टीम इंडिया का बारबाडोस में 5 दिन का कैंप लगा था। सभी खिलाड़ी 3 जून को बारबाडोस में पहुंच गए थे। उसके बाद 5 दिन वहां पर प्रैक्टिस की। टीम इंडिया ने आपस में प्रैक्टिस मैच भी खेले थे। शनिवार को भारतीय खिलाड़ी डोमिनिका पहुंचे। यहां पर प्रैक्टिस की। जून को टीम इंडिया खिलाड़ी बारबाडोस में पहुंचे के बादमें बीच वॉलीबॉल खेला। क्चष्टष्टढ्ढ ने एक वीडियो पोस्ट किया था। इसमें रोहित शर्मा, विराट कोहली सहित अन्य भारतीय खिलाड़ी बीच वॉलीबॉल खेलते नजर आ थे। टीम इंडिया वेस्टइंडीज दौरे पर आखिरी बार 2019 में गई थी। उस दौरे पर टीम इंडिया ने वेस्टइंडीज को टेस्ट सीरीज में हराया था। 2002 के बाद से टीम इंडिया ने वेस्टइंडीज में सभी टेस्ट सीरीज जीती हैं। भारत ने 2002 के बाद से 8 टेस्ट सीरीज वेस्टइंडीज में खेली हैं। डोमिनिका में भारत ने 2011 में पहला और आखिरी टेस्ट मैच खेला।

### विम्बलडन में भारत के बोपन्ना राउंड ऑफ 16 में पहुंचे

# फर्नले और जोहानस की ब्रिटिश जोड़ी को हराया; मेंस सिंगल्स डिफेंडिंग चैंपियन जोकोविच क्वार्टरफाइनल में



**लंदन।** रोहन बोपन्ना और मैथ्यू एब्डेन सोमवार को चल रहे विंबलडन 2023 पुरुष युगल स्पर्धा के प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। भारत के बोपन्ना और ऑस्ट्रेलिया के एबडेन ने सोमवार को जैकब फर्नले और जोहानस की ब्रिटिश जोड़ी को सीधे सेटों में 7-5, 6-3 से हराया। दूसरी ओर मेंस सिंगल्स के डिफेंडिंग चैंपियन नोवाक जोकोविच ने 14वीं बार विंबलडन क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के लिए ह्यूबर्ट हरकाज को हराया है। भारत के बोपन्ना और ऑस्ट्रेलिया के एबडेन ने सोमवार को जैकब फर्नले और जोहानस की ब्रिटिश जोड़ी को सीधे सेटों में 7-5, 6-3 से हराया। बोपन्ना और एबडेन की टीम ने मैच में धीमी शुरुआत की, लेकिन भारत-ऑस्ट्रेलियाई की जोड़ी ने अपनी पकड़ बना ली और वापसी की ब्रिटिश टीम ने थोड़ी देर संघर्ष किया, लेकिन बोपन्ना और एबडेन ने मैच पर कंट्रोल बनाए रखा और पहला सेट जीत लिया। दूसरे सेट में एबडेन बोपन्ना ने तेज शुरुआत की और 4-1 की बढ़त बना ली। जोहानस मंडे और जैकब फर्नले ने वापसी की कोशिश की, लेकिन इंडो-ऑस्ट्रेलियाई ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बना ली। बोपन्ना और एबडेन की जोड़ी इस साल कतर ओपन और इंडियन वेल्स जीत चुकी है। बोपन्ना और एबडेन की जोड़ी इस साल कतर ओपन और इंडियन वेल्स जीत चुकी है। नोवाक जोकोविच ने 14वीं बार विंबलडन क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के लिए ह्यूबर्ट हर्काज को हराया। डिफेंडिंग चैंपियन जोकोविच ने 7-6 (8/6), 7-6 (8/6), 5-7, 6-4 से चार सेट में 3-1 की बढ़त से जीत दर्ज की जोकोविच ने ऑल इंग्लैंड क्लब में 32 मैचों में लगातार जीत पा ली हैं। जोकोविच क्वार्टर फाइनल में रूस के आंद्रे रुबलेव के खिलाफ खेलेंगे। रोजर फेडरर अपना 56वां ग्रैंड स्लैम क्वार्टर फाइनल खेलेंगे। रोजर फेडरर ने सबसे ज्यादा 58 के बार ग्रैंड स्लैम क्वार्टर फाइनल खेला।

रोजर फेडरर अपना 56वां ग्रैंड स्लैम क्वार्टर फाइनल खेलेंगे। रोजर फेडरर ने सबसे ज्यादा 58 के बार ग्रैंड स्लैम क्वार्टर फाइनल खेला। सोमवार को विमेंस सिंगल्स पूरे हुए। इसमें टॉप सीड इगा स्वियातेक भी शामिल है। उन्होंने रविवार को 14वीं रैंक की बेनकिक पर 6-7 (4), 7-6 (2), 6-3 से जीत दर्ज करके पहली बार विंबलडन क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। डिफेंडिंग चैंपियन ऐलेना रयबाकिना ने भी क्वाटरफाइनल में जगह पक्की की। उनका मुकाबला 2022 की विम्बलडन रनरअप ओन्स जाबेउर से होगा।

### मराठी आर्टिस्ट ने धोनी का वीडियो शेयर किया

# जूम आर्ट से दिखाया पूरा करियर, इसमें जडेजा को गोद में उठाने वाला पल भी

कलाकार प्रांजलि चव्हाण ने धोनी को बर्थडे विश करने के लिए डिजिटल जूम आर्ट वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में धोनी का पूरा करियर एक ही स्केच में समाते नजर आया। तस्वीर उसी आर्ट की है। महेंद्र सिंह धोनी ने भले ही इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया हो, लेकिन उनके लिए फैंस की दीवानगी कम होती नहीं दिख रही। 7 जुलाई को माही ने अपना 42वां बर्थडे मनाया, इस मौके पर एक फैन ने उनका दिल छू जाने वाला वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में डिजिटल जूम आर्ट के जरिए धोनी का पूरा क्रिकेट करियर दिखाया गया है। वीडियो की जूम टेक्नीक चौंकाने वाली है। भारत के नक्शे पर रांची से शुरू होने वाले इस डिजिटल आर्ट में बचपन में फुटबॉल खेलते धोनी के स्केच से लेकर उनके 5वीं बार ढ्ढक्कर् ट्रॉफी जीतने और रवींद्र जडेजा को गोद में उठाने का स्केच भी दिखाया गया। महाराष्ट्र के ठाणे में रहने वाली कॉर्पोरेट वर्कर प्रांजलि चव्हाण ने डिजिटल जूम आर्ट के जरिए धोनी को बर्थडे विश किया। उन्होंने 7 जुलाई को अपने इंस्टाग्राम पर एक मिनट 3 सेकेंड का वीडियो शेयर किया। वीडियो में धोनी के बचपन में फुटबॉल खेलने के स्केच से लेकर उनके पहले शतक, टी-20 वर्ल्ड कप, वनडे वर्ल्ड कप और चैम्पियंस ट्रॉफी जीत के साथ ढ्ढक्कर् प्रैक्टिस और 5वीं बार ढ्ढक्कर् जीतने के बाद रवींद्र जडेजा को गोद में उठाने तक के स्केच नजर आए। कुल मिलाकर कहें तो फैन ने अपने पसंदीदा धोनी का पूरा क्रिकेट करियर एक डिजिटल जूम आर्ट में समा दिया। आर्टिस्ट प्रांजलि चव्हाण के वीडियो को एक लाख से ज्यादा लाइक्स मिल चुके हैं। आर्टिस्ट प्रांजलि चव्हाण के वीडियो को एक लाख से ज्यादा लाइक्स मिल चुके हैं। प्रांजलि के वीडियो शेयर करने के बाद अब ये वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। इसे अब तक एक लाख से ज्यादा लाइक्स मिल चुके हैं। धोनी के कई फैंस ने इसे खूब पसंद किया। ट्विटर और बाकी सोशल मीडिया अकाउंट्स पर भी इसे शेयर किया। %न्यूज 18% को दिए इंटरव्यू में प्रांजलि चव्हाण ने कहा, %मैं शुरू से ही धोनी की फैन रही हूं।

### सुनील गावस्कर ने कहा- उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे रोहित

# बतौर कप्तान टी-20 वर्ल्ड कप के बाद डब्ल्यू.टी.सी फाइनल हारे



गावस्कर कहा कि भारत में सब अच्छा कर सकते है, लेकिन विदेश में अच्छा परफॉर्म करना ही असली परीक्षा है, जिसमें रोहित फेल हुए हैं। लीजेंड्री बैटर सुनील गावस्कर टीम इंडिया के मौजूदा कप्तान रोहित शर्मा की कप्तानी से खुश नहीं हैं। गावस्कर ने एक इंटरव्यू में कहा- मुझे रोहित शर्मा से बहुत उम्मीदें थी, लेकिन वह इस पर बतौर कप्तान खरे नहीं उतरे। रोहित की कप्तानी में भारत ने अब तक एक भी ढ्ढष्टष्ट ट्रॉफी नहीं जीती। पहले भारतीय टीम टी-20 वर्ल्ड कप हार गई और फिर ङ्खञ्जष्ट फाइनल में भी टीम को हार का सामना करना पड़ा। इस पर भारत के पूर्व गेंदबाज हरभजन सिंह ने कहा कि इस तरह रोहित की आलोचना करना ठीक नहीं है। वह एक अच्छे लीडर हैं। गावस्कर ने आगे कहा- मुझे रोहित से बहुत उम्मीदें थी। भारत में सब अच्छा कर सकते हैं, लेकिन विदेश में अच्छा परफॉर्म करना परीक्षा होती है, और यहीं पर उनका प्रदर्शन थोड़ा निराशाजनक रहा है। रोहित ने ढ्ढक्कर् में मुंबई इंडियंस को 5 बार ढ्ढक्कर् ट्रॉफी जिताई, लेकिन फिर भी टी-20 में भारत का प्रदर्शन ठीक नहीं रहा। गावस्कर ने आगे कहा कि ङ्खञ्जष्ट फाइनल हारने के बाद कप्तान रोहित शर्मा और कोच राहुल द्रविड़ पर सवाल उठने चाहिए। भारत ने पहले फील्डिंग क्यों चुनी? इसके बाद सवाल यह होना चाहिए, %आपको शॉर्ट बॉल के खिलाफ ट्रैविस हेड की कमजोरी के बारे में नहीं पता था?% जब उन्होंने 80 रन बनाए थे तब बाउंसर क्यों नहीं फेंकी गई? आप जानते हैं, जैसे ही हेड बल्लेबाजी के लिए आए, कमेंट्री बॉक्स में रिकी पोंटिंग कह रहे थे, %अगर हेड को आउट करना है तो बाउंसर फेंको? हर कोई इसके बारे में जानता था, लेकिन हमने कोशिश नहीं की। गावस्कर के कमेंट्स पर भारत के पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने कहा- मुझे लगता है कि रोहित की आलोचना को लेकर लोग लिमिट क्रॉस कर रहे हैं। क्रिकेट एक टीम गेम है और एक प्लेयर आपको पूरा मैच नहीं जिता सकता। हरभजन ने आगे कहा- मैं जानता हूं कि टीम इंडिया ने ङ्खञ्जष्ट फाइनल में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया, लेकिन हमे इससे आगे बढ़ना होगा। अकेले रोहित की आलोचना करना ठीक नहीं है। सब बोल रहे हैं कि रोहित रन नहीं बना रहे, वजन बढ़ा रहे हैं और अच्छी कप्तानी नहीं कर रहे हैं, लेकिन मुझे लगता है कि वह एक शानदार लीडर हैं।

### इंडियन फुटबॉलर बोले- लगातार जीत से मोटिवेशन मिला

# पर फीफा वर्ल्ड कप अभी दूर, भारत में फुटबॉल को अभी करियर नहीं समझा जाता

पिछले सप्ताह साउथ एशियन फुटबॉल चैंपियनशिप (स्न्र) का खिताब भारत ने रिकॉर्ड नौवीं बार जीता। इससे कुछ दिन पहले ही भारत ने इंटरकॉन्टिनेंटल कप का खिताब जीता था। टीम चंद दिनों के फासले में लेबनॉन और कुवैत को हरा चुकी थी। एक के बाद एक सक्सेस से भारतीय फैंस यह उम्मीद रखने लगे कि टीम जल्द ही स्नढ्ढस्न्र वर्ल्ड कप भी खेलेगी। इस बारे में भास्कर ने टीम के स्टार डिफेंडर संदेश झिंगन से बात की। 29 साल के झिंगन ने कहा कि ये जीत मोटिवेशनल हैं, पर फीफा वर्ल्ड कप अभी दूर की बात है। इंडियन फुटबॉल पर उन्होंने कहा कि हमारे देश में फुटबॉल का माहौल यूरोप जैसा नहीं है। अभी भारत में खिलाड़ी फुटबॉल को करियर नहीं समझते। सवाल- भारत ने सीजन की अच्छी शुरुआत की है। पहले इंटरकॉन्टिनेंटल कप और अब स्न्रस्न्र चैंपियनशिप जीती। इनके क्या मायने हैं? जवाब- मैं इसे सिर्फ टीम की नहीं, पूरे देश की जीत कहूंगा। देश ने हमें सपोर्ट किया। हमें क्रिटिसाइज भी किया। सबसे अहम है देशवासियों ने हमारा खेल देखा। मुझे लगता है कि क्लब सीजन खत्म होने के बाद इंटरनेशनल सीजन की शुरुआत अच्छी रही। हम ऐसे ही बेहतर प्रदर्शन करना चाहते हैं। एशिया कप हमारे टारगेट में है, निश्चित ही यह कठिन होगा, लेकिन हम अपने लक्ष्य को स्टेप बाई स्टेप अचीव करने का प्रयास करेंगे। सवाल- फुटबॉल वर्ल्ड कप-2026 के सीजन में टीमों की संख्या 48 हो रही है। एशियन टीमों का कोटा भी बढ़ेगा। ऐसे में क्या भारत 2026 का स्नढ्ढस्न्र वर्ल्ड कप खेल सकता है? जवाब- फीफा वर्ल्ड कप अभी दूर है। एक दिन या साल में स्नढ्ढस्न्र के लिए क्वालिफाई करना संभव नहीं है। फिलहाल, हमारा पूरा फोकस एशियन कप पर है। 2011 के बाद हमने सीधे 2019 में क्वालिफाई किया। इसके बाद अब दूसरी बार हमने 2023 में क्वालिफाई किया है। हमारा फोकस इस पर ज्यादा है। कोई भी गोल स्टेप बाई स्टेप हासिल किया जा सकता है। उसके लिए कई छोटे-छोटे प्लान बनाने होंगे। कई बदलाव करने होंगे।

### पाकिस्तान वर्ल्डकप में न्यूट्रल वैन्यू की गुहार आईसीसी से लगाएगा

# अगले हफ्ते डरबन में आईसीसी की बैठक, भारत से मुकाबला 15 अक्टूबर को



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने वनडे वर्ल्ड कप में अपने मैच न्यूट्रल वेन्यू पर कराने की जिद पकड़ ली है। अगले हफ्ते दक्षिण अफ्रीका के डरबन में होने वाली ढ्ढष्टष्ट की बैठक में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (क्कष्टक्च) के एक्टिंग चेयरमैन जका अशरफ पाकिस्तान के मैच न्यूट्रल वेन्यू पर कराने की मांग कर सकते हैं। दरअसल, 31 अगस्त से 13 है। भारत ने पाकिस्तान में खेलने से मना कर दिया था। इसके बाद भारत के सभी मैचों समेत ज्यादातर मैच श्रीलंका में कराने का निर्णय लिया गया। इस पर पाकिस्तान बोर्ड नाराज है। पाकिस्तान के खेल मंत्री एहसान मजारी ने कहा है, %जका अशरफ इस मुद्दे को ढ्ढष्टष्ट मीटिंग में उठाएंगे कि जब भारतीय टीम एशिया कप के लिए पाकिस्तान नहीं आ में होने जा रहे वनडे वर्ल्ड कप का शेड्यूल जारी कर चुका है। इसके मुकाबले 5 अक्टूबर से 19 नवंबर तक होना है। शेड्यूल के अनुसार, भारत-पाकिस्तान मुकाबला 15 अक्टूबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाना है। पाकिस्तान जब किसी भी सूरत में वर्ल्ड कप के बायकॉट की स्थिति में कारण प्रमुख हैं। पहला- भारत के कारण पाक बोर्ड को एशिया कप के अधिकांश मुकाबले श्रीलंका में कराने पड़ रहे हैं। ऐसे में पाकिस्तान बोर्ड भारत से बदला लेना चाहता है, या कम से कम ऐसा करते हुए दिखना चाहता है। दूसरा- पाकिस्तान वर्ल्ड कप में अपनी टीम के कुछ मैचों के वेन्यू बदलवाना चाहता है। पाकिस्तान की मददगार पिच पर उसे अफगानिस्तान का खौफ सता रहा है। तीसरा- पाकिस्तान सरकार और वहां का बोर्ड अपने देश के लोगों को खुश करना चाहता है। पाकिस्तानी फैंस यह जानकर खुश होते हैं कि पाक बोर्ड भी भारत का विरोध कर रहा है। चौथा- इस साल के आखिर में पाकिस्तान में आम चुनाव होने हैं। ऐसे में पाकिस्तानी सरकार



# सलमान खान के शो बिग बॉस ओटीटी 2 में भाग लेंगी मनीषा रानी

बिहार की एक लोकप्रिय सोशल मीडिया प्रभावकार, मनीषा रानी, बिग बॉस ओटीटी 2 में प्रवेश करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, जो इस सप्ताह शुरू होगा। सलमान खान द्वारा होस्ट किए जाने वाले शो में अन्य पुष्टि किए गए नामों में पलक पुरस्वामी, अविनाश सचदेव, जिया शंकर और सिमा तापारिया शामिल हैं। अब, मनीषा रानी बिग बॉस ओटीटी 2 की पुष्टि की गई सूची में शामिल होने वाली अगली महिला हैं। मनीषा रानी बिहार की रहने वाली एक सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर हैं। उन्हें बिग बॉस ओटीटी के इस सीजन की अर्चना गौतम और शहनाज गिल कहा जा रहा है। जैसे अर्चना ने अपना यूपी स्वैग दिखाया और शहनाज़ ने अपना पंजाबीपन दिखाया, वैसे ही मनीषा अपने बिहारी स्वैग और शो में अपनी जड़ों से विकसित हुई बुद्धिमत्ता पर ध्यान देंगी। मनीषा को आखिरी बार द कपिल शर्मा शो में देखा गया था और सोशल मीडिया पर उनकी जबरदस्त फॉलोइंग है। वह बिहार के मुंगर की रहने वाली हैं और वाणिज्य में स्नातक हैं।उन्होंने एक कोरियोग्राफर के रूप में शुरुआत की और मॉडलिंग और लिप-सिंकिंग में अपना हाथ आजमाया। मनीषा को टिकटॉक वीडियो से प्रसिद्धि मिली और वह एक यूट्यूबर भी हैं। मनीषा रानी इससे पहले डांस इंडिया डांस में भाग ले चुकी हैं, लेकिन भोजपुरी में उनके सोशल मीडिया पोस्ट ने उन्हें जनता के बीच प्रसिद्ध कर दिया। इंस्टाग्राम और यूट्यूब पर उनके 4 मिलियन से ज्यादा फैन हैं।

# किताबों के छूटने से भाषा से कनैक्टिविटी खत्म हो गई है

'दुनिया','इंसाफ','रजिया सुल्तान' से लेकर 'मैं ने प्यार किया' तक लगभग 100 सफलतम फिल्मों के गीतकार असद भोपाली कभी नहीं चाहते थे कि उनकी संतान गालिब असद भोपाली फिल्मी दुनिया से जुड़े.मगर गालिब असद भोपाली के सिर पर फिल्मों में ही काम करने का जनून सवार था.12वीं की पढ़ाई पूरी कर वे राजश्री प्रोडक्शन के दफ्तर में अभिनेता बनने के लिए पहुंच गए,जहां उन्होंने कुछ समय बतौर सहायक लेखक जलीस शेरवानी के साथ काम किया.फिर बतौर सहायक, निर्देशक प्रदीप मैनी के साथ काम किया. उस के बाद ज्योतिस्वरूप के साथ बतौर घोस्ट लेखक काम किया. और सीरियल'शक्तिमान' से स्वतंत्र लेखक के रूप में शुरुआत की.तब से अब तक वे कई सफलतम व विचारोत्तेजक फिल्मों व सीरियलों का लेखन कर चुके हैं. इन दिनों गालिब असद भोपाली की चर्चा कुशान नंदी निर्देशित फिल्म 'जोगीरा सारा रा' को लेकर हो रही है,जिसका उन्होंने लेखन किया है। हाल ही में गालिब असद भोपाली से उनके घर पर मुलाकात हुई. उस वक्त उनसे बदलते हुए समाज,युवा पीढ़ी की सोच,दर्शक,भाषा और लोगों में पढ़ने की कम होती आदत से ले कर कई अन्य अहम मुद्दों पर लंबी बातचीत हुई.गालिब असद भोपाली के पिता असद भोपाली लेखक रहे हैं. जब उन से पूछा कि क्या उन्होंने अपने पिता के पदचिन्हों पर चलते हुए लेखन को ही कैरियर बनाने की सोचा,तो वे कहते हैं, ++मुझे बचपन से ही फिल्मों में काम करना था.मेरी सोच यह थी कि मैं अभिनेता बनूं,या स्पौट बौय, लेखक या निर्देशक बनूं. मगर यह तय था कि फिल्मों में ही काम करना है.मजेदार बात यह थी कि मेरे पिताजी फिल्म इंडस्ट्री से सख्त नफरत करते थेऔर मेरा स्वभाव विद्रोही किस्म का था.मैं हमेशा पिताजी के खिलाफ सोचा करता था. वे जिस काम को करने के लिए मना करते,मैं वही काम करता।

गालिब असद भोपाली के पिता असद भोपाली वैसे तो फिल्मी गीत लिखा करते थे पर फिल्मों में काम करने के खिलाफ थे, इस पर गालिब कहते हैं,+वे फिल्मों से मेरे जुड़ने के नहीं, बल्कि फिल्मों के ही खिलाफ थे.उनके अपने अनुभवों के अनुसार उन्हें लगता था कि फिल्म इंडस्ट्री अच्छी जगह नहीं है. यहां सुरक्षा नहीं है. वे हमेशा कहते थे, 'मुझे फिल्मलाइन पसंद नहीं है।

# चारू असोपो को लोग नहीं दे रहे थें किराए पर घर

चारू ने बताया कि मैंने एक सिंगल मदर के रूप में काफी ज्यादा चीजों के झेली हूं, मुझे कमरा देने के लिए लोग तैयार नहीं थें। मेरे अंगने में फेम एक्ट्रेस चारु असोपा काफी ज्यादा सुर्खियों में बनी रहती हैं बता दें कि चारू असोपो ने हाल ही में एक इंटरव्यू में बताया है कि एक वक्त ऐसा था जब उन्हें घर ढूंढ़ने के लिए काफी ज्यादा मसकत करनी पड़ी थी।

बता दें कि अब वन बीएच के से चारु अब 2 बीएचके में शिफ्ट हो रही हैं, चारु ने बताया है कि यहां तक पहुंचने के लिए मुझे काफी ज्यादा संघर्ष करना पड़ा है। उसने बताया कि मैं घर की तलाश कर रही थी, यह मेरे लिए काफी ज्यादा हैक्टिक था कि मैं अपने लिए घर कैसे ढूंढी हर दिन बाहर जाकर नए-नए लोगों को फेस करना मेरे लिए मुश्किल भरा था. लोग उसके रिश्ते पर लगातार सवाल कर रहे थें कि तुम्हें मैं अपना घर नहीं दें सकता हूं। चारू ने बताया कि मैंने एक सिंगल मदर के रूप में काफी ज्यादा चीजों के झेली हूं, मुझे कमरा देने के लिए लोग तैयार नहीं थें. चारू ने बताया कि उसे घर इसलिए बदली हूं क्योंकी मेरी बेटी जियाना काफी ज्यादा तेजी से बड़ी हो रही है। चारु ने बताया कि यह समय मेरे लिए काफी ज्यादा मुश्किल वाला था कि जब एक छोटे बच्चे को लेकर एक घर से दूसरे घर में शिफ्ट किया जाता है. चारु ने बताया कि एक सिंगल मदर के लिए रिवलिंग कपड़े पहनना काफी ज्यादा मुश्किल भरा चैलेंज होता है।

# स्वारा भास्कर ने शेयर किया बेबी बंप की फोटो

हाल ही में एक्ट्रेस ने अपना इंस्टाग्राम अकाउंट अपडेट किया है, जिसमें उन्होंने बेबी बंप फ्लॉट करते हुए तस्वीर शेयर की है, एक तस्वीर में स्वारा के पति भी उसके साथ नजर आ रहे हैं।

बॉलीवुड एक्ट्रेस स्वारा भार्कर ने 3 महीने पहले समाजवादी नेता फहद अहमद से शादी रचाई है, इस शादी के बाद से स्वारा काफी ज्यादा चर्चा में आ गई थी, लेकिन स्वारा के फैंस को तब झटका लगा जब उन्होंने अपनी प्रेग्नेंसी की खबर सोशल मीडिया पर दी. इस खबर के सामने आते ही सोशल मीडिया पर बवाल मच गया था।

बता दें कि हाल ही में स्वारा भास्कर ने एक तस्वीर शेयर की है जिसके सामने आते ही फैंस और यूजर्स कमेंट करना शुरू कर दिए हैं, स्वारा की तस्वीर सोशल मीडिया पर कुछ लोग ट्रोल कर रहे हैं तो वहीं कुछ लोग स्वारा को बधाई दे रहे हैं.

हाल ही में एक्ट्रेस ने अपना इंस्टाग्राम अकाउंट अपडेट किया है, जिसमें उन्होंने बेबी बंप फ्लॉट करते हुए तस्वीर शेयर की है, एक तस्वीर में स्वारा के पति भी उसके साथ नजर आ रहे हैं. जिसे देखकर स्वारा के चाहने वाले उन्हें बधाई दे रहे हैं. बता दें कि जब स्वारा की प्रेग्नेंसी की खबर आई तो लोगों ने इस खबर को फर्जी बताया था. लेकिन जैसे ही स्वारा भास्कर ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया सब साफ हो गया कि यह खबर सच है. कुछ यूजर्स का कहना है कि स्वारा भास्कर शादी से पहले से प्रेग्ननेंट हैं।







# सुसाइड करने की कोशिश करने वाले थें तीर्थानंद

तीर्थानंद कपिल शर्मा और श्वेता तिवारी संग काम कर चुके हैं,तीर्थानंद नाना पाटेकर जैसे दिखते हैं और उनकी मिममिकरी भी करते हैं, इसिलिए उन्हें जूनियर नाना पाटेकर भी कहा जाता है. तीर्थआनंद ने कपिल शर्मा शओ के अलावा और भी कई सारे शो में काम किया है। जूनियर नाना पाटेकर के नाम से मशहूर एक्टर तीर्थानंद राव ने हाल ही में सुसाइड करने की कोशिश की थी, बता दें कि तीर्थानंद फेसबुक लाइव आकर सुसाइड करने की कोशिश की. हालांकि जानकारी मिलते ही पुलिस ने तीर्थानंद को बचा ली. जैसे ही इस बात की खबर तीर्थानंद की गर्लफ्रंड को दिया गया उसने कहा कि मरने दो उसे। गर्लफ्रेंड ने कहा कि मरने दो उसे मैं वैसे भी छोड़ने वाली थी, एक बार और साल 2022 में तीर्थानंद ने सुसाइड करने की कोशिश की थी, उस वक्त वह आर्थिक परेशानी से जुझ रहे थें, लेकिन इस बार तीर्थानंद ने बताया कि वह जिस महिला के साथ रहते हैं, वह उसे बहुत टर्चर करती है. इसलिए वह सुसाइड करने जा रहे थें। तीर्थानंद कपिल शर्मा और श्वेता तिवारी संग काम कर चुके हैं,तीर्थानंद नाना पाटेकर जैसे दिखते हैं और उनकी मिममिकरी भी करते हैं, इसिलिए उन्हें जूनियर नाना पाटेकर भी कहा जाता है. तीर्थआनंद ने कपिल शर्मा शओ के अलावा और भी कई सारे शो में काम किया है. जिसमें उन्हें खूब पसंद किया जाता था. इसी साल तीर्थानंद ने अभिषेक बच्चन के साथ फिल्म की शूटिंग की है जो साउथ की रीमेक है।

# दक्षिण कोरिया के बुकियॉन इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में होगा फिल्म प्रायवेसी का वर्ल्ड प्रीमियर

इन दिनों अपराध पर अंकुश लगाने के नाम पर मुंबई सहित लगभग हर महानगर की हर इमारत में सीसीटीवी से निगरानी की जाती है.तमाम लोगों की राय में यह उनकी निजिता का हनन है.इसी मूल मुद्दे पर मूलतः भारतीय मगर अमरीका में बसे फिल्मकार सुदीप कंवल ने सामाजिक रोमांचक कहानी वाली फिल्म ''प्रायवेसी'' का लेखन व निर्देशन किया है,जिसका विष्व प्रीमियर 29 जून से 9 जुलाई तक संपन्न होने वाले दक्षिण कोरिया के 'बुकियॉन इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल' में इस फिल्म का विष्व प्रीमियर संपन्न होगा.इस फेस्टिवल में दुनिया भर की हॉरर, थ्रिलर, मिस्ट्री और फैंटेसी फिल्मों से लेकर ढेर सारे सिनेमा शामिल हैं. इस साल के फेस्टिवल की शुरुआत जोआक्विन फोनिक्स स्टारर 'ब्यू इज अफ्रेड' से होगी। फिल्म 'प्रायवेसी' मुंबई में सामाजिक-आर्थिक मतभेदों को उजागर करते हुए शहर में वीडियो यानी कि सीसीटीवी निगरानी के आवष्यकता के मुद्दे पर बात की गयी है.फिल्म ''प्रायवेसी' मुंबई की मलिन बस्तियों की एक सामाजिक रोमांचक फिल्म है.कहानी के केंद्र में '' मुंबई निगरानी कमांड और नियंत्रण केंद्र'' में आपरेटर के रूप में काम कर रही रूपाली की है.अति महत्त्वाकांक्षी होते हुए रूपाली लगातार अपने अपराध बोध से लड़ती है.वह अपने अंधेरे अतीत का विरोध भी करती है. लेकिन रूपाली के लिए चीजें तब जटिल होने लगती हैं,जब रूपाली प्रोटोकॉल की अनदेखी कर अपनी निगरानी में होने वाली डकैती/हत्या की जांच शुरू करती है। नेटफ्लिक्स के 'ट्रायल बाय फायर' के बाद इस फिल्म में राजश्री देशपांडे रूपाली की मुख्य भूमिका में नजर आएंगी.वह अपनी खुशी को साझा करते हुए कहती हैं,''एक अभिनेता और एक सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में मेरे लिए यह बहुत महत्वपूर्ण है कि पटकथा संवेदनशील तरीके से लिखी हुई हो.'प्रायवेसी' मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दे के बारे में बात करती है। यह इस बात पर रोशनी डालती है कि समाज किसी व्यक्ति के संघर्ष को किस तरह से देखता है.खूबसूरती से लिखी गई इस कहानी में 'गोपनीयता' के महत्व के साथ इस बात का रेखांकन है कि कैसे हर सामाजिक तत्व इस शब्द का शोशण कर रहा है। मूलतः भारतीय सुदीप कंवल की षिक्षा दिक्षा न्यूयॉर्क में हुई. न्यूयॉर्क के सिटी कॉलेज से फिल्म में एमएफए के साथ स्नातक की उपाधि प्राप्त कर



उन्होने लेखन और निर्देशन में विशेशज्ञता हासिल की.सुदीप कंवल ने सबसे पहले 2007 में लघु फिल्म 'इट राइजेज फ्रॉम द ईस्ट' का लेखन व निर्देशन किया था.2013 में 'साइलेंट ववे' और 2016 में 'द अदर एंड'' बनायीं. 2013 में उनकी लघु फिल्म 'साइलेंट वेव' ने संयुक्त राज्य भर में 23 फिल्म समारोहों में प्रदर्शन किया और कई पुरस्कार और नामांकन जीते। ''प्रायवेसी'' उनकी पहली फीचर फिल्म है,जिसे उन्होने मुंबई स्थित आर्ट हाउस स्टूडियो व फंडामेंटल पिक्चर्स के साथ निर्माण किया है..'कार्गो' और 'टू सिस्टर्स एंड ए हसबैंड' जैसे फिल्मों के निर्माता प्लोक शर्मा व नवीन शेट्टी ने इस फिल्म का सह निर्माण किया है. फिल्म के निर्देशक सुदीप कहते हैं-''फिल्म सूचना तक पहुंच के सम्मोहक सच को दर्शाती है. चाहे सीसीटीवी सर्विलांस हो या फिर किसी का निजी डाटा इकट्ठा करना. आज की दुनिया में किसी व्यक्ति की निजिता वास्तव में एक विलासिता बन गई है। राजश्री देशपांडे के साथ, फिल्म में निशंक वर्मा, संदेश कुलकर्णी, सौरभ गोयल, छाया कदम, रुशद राणा और सागर सालुंके प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

# ब्लैक शॉर्ट ड्रेस में नजर आईं अंकिता लोखंडे

एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे शादी के बाद से और भी ज्यादा ग्लैमरस होती जा रही हैं। उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर कहर बरपाए रहती हैं। वहीं, फैंस उनकी एक झलक के लिए बेताब रहते हैं। ब्लैक कलर की शॉर्ट आउटफिट में एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे बेहद ही स्टाइलिस और बोल्ड नजर आ रही हैं। अंकिता लोखंडे की तस्वीरें सोशल मीडिया का पारा हाई कर रही हैं। वहीं, फैंस उनकी तस्वीरों पर बेशुमार प्यार लुटा रहे हैं। अंकिता लोखंडे ने ग्लैमरस और बोल्ड फोटोज शेयर करके फैंस के दिलों की धड़कने बढ़ा दी हैं। वहीं, सोशल मीडिया पर उनकी तस्वीरें काफी वायरल हो रही हैं। एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे अपने निजी और प्रोफेशनल पलों को फैंस के साथ साझा करना बिल्कुल नहीं भूलती हैं। साथ ही उनकी ये तस्वीरें उनके फैंस के दिलों की धड़कनें बढाए हैं। अंकिता आज एक जाना माना नाम हैं। लेकिन, इन्हें असली पहचान सीरियल पवित्र रिश्ता से मिली। इस सीरियल के कारण ये घर-घर में पसंद की जाने लगीं। इसके साथ ही अंकिता लोखंडे ने बॉलीवुड की फिल्म बागी 3 और मणिकर्णिका जैसी फिल्मों में भी काम किया है। अंकिता लोखंडे इंस्टाग्राम पर भी कम फेमस नहीं हैं। उन्हें इंस्टा पर 4 मिलियन से ज्यादा फैंस फॉलो करते हैं। अंकिता लोखंडे की तस्वीरें सोशल मीडिया पर धमाल मचाए रहती हैं।



# अभिनेता,निर्देशक व अभिनेता धीरज कुमार की "डाक्टर 365" के साथ मिलकर बौलीवुड के लिए अनूठी पहल

बौलीवुड से जुड़े लोगों और मीडिया के लिए लगाया गया मुफ्त मेडिकल चेकअप कैंप पिछले 40 वर्षों से बौलीवुड में सक्रिय अभिनेता, निर्देशक व अभिनेता धीरज कुमार का अपना एक अलग मुकाम हैं.उन्होने फिल्मों में अभिनय करते हुए अपने कैरियर की शुरूआत की थी.फिर फिल्म व टी सीरियलों का भी निर्माण व निर्देशन किया। अभिनेता धीरज कुमार का मानना है कि इतने वर्षों में उन्हे समाज व फिल्म इंडस्ट्री से जो कुछ मिला है,उसके एवज में अब उनकी जिम्मेदारी बनती है कि वह भी समाज व फिल्म इंडस्ट्री को किसी न किसी रूप में कुछ वापस करें। अपनी इसी सोच के साथ धीरज कुमार ने पूरे देश में उन्नीस हजार से अधिक मेडिकल कैंप लगा चुके ''डाक्टर 365'' और '' आरके एचआईवी एड्स एंड रिसर्च''सेंटर के डॉक्टर धर्मेंद्र कुमार के संग मिलकर अनूठी पहल करते हुए 26 मार्च, रविवार के दिन को अंधेरी,मुंबई के 'चित्रकूट ग्राउंड'' में बौलीवुड से जुड़े सभी वर्करों, तकनीशियनों तथा मीडिया कर्मियों के लिए मुफ्त में स्वास्थ्य जांच के साथ ही चष्में, व्हीलचेअर व दवाओं के वितरण का ' भव्य मुफ्त आरोग्य षिविर' का आयोजन किया। जहां जरुरतमंद दो सौ लोगों को व्हील चेअर,हजारों लोगों को चष्में व करीबन दो करोड़ रूपए मूल्य की दवाएं,बिटामिन सिरप व कफ सिरप भी वितरित किए गए.सिनेमा के इतिहास में यह पहला अवसर रहा,जब फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े तमाम तकनीशियनों, मीडिया कर्मियों और उनके पारिवारिक सदस्यों के लिए इस तरह का इतना बड़ा मुफ्त मेडिकल कैम्प का आयोजन किया गया। भारत के लीडिंग होम हेल्थ केयर सर्विस प्रोवाइडर डॉक्टर 365, डॉ धर्मेंद्र कुमार, मनीष कुमार वर्मा, अविनाश राय, जसविंद्र सिंह और अभिनेता,निर्माता निर्देशक धीरज कुमार द्वारा इसका सफल आयोजन हुआ. इस अवसर पर मुख्य अतिथि शिवाजी राव सावंत, गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स होल्डर आरके एचआईवी एड्स रिसर्च एंड केयर सेंटर के अध्यक्ष डॉ धर्मेंद्र कुमार, मनीष वर्मा और क्रिएटिव आई लिमिटेड के निर्माता निर्देशक धीरज कुमार,मुंबई के वर्सोवा क्षेत्र की एमएलए भारती लव्हेकर,फिल्म फेडरेशन के बीएन तिवारी,हास्य अभिनेता जॉनी लीवर, अभिनेत्री संगीता तिवारी, सुंदरी ठाकुर सहित कई हस्तियां मौजूद रहीं।

# बच्चों को बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान दिलाने की शिक्षकों ने ली शपथ

## मिशन अंकुर के तहत जिले में 600 से अधिक शिक्षक ले रहे हैं प्रशिक्षणः तोमर



**महेन्द्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजलि टुडे**

**ग्वालियर।** फंडामेंटल लिटरेसी एंड न्यूमैरेसी ( एफएलएन) के तहत बीआरसीसी मुरार क्रमांक 1 के कार्यालय में चल रहे कक्षा तीन के प्रशिक्षण के तृतीय दिवस जिला योग प्रभारी दिनेश चाकणकर एवं विकास खंड योग प्रभारी अरुण शर्मा ने ने शिक्षकों को कक्षा तीन तक के बच्चों को बुनियादी साक्षरता, संख्या ज्ञान एवं जीवन कौशलों में दक्ष में कराने की शपथ दिलाई। इससे पूर्व इससे पूर्व डाइट की व्याख्याता श्रीमती सरोजनी त्रिपाठी ने प्रशिक्षण का अवलोकन किया एवं प्रशिक्षणार्थियों के साथ सार्थक चर्चा की। जिला परियोजना समन्वयक श्री रविंद्र सिंह तोमर ने बताया कि ने कहा कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य बच्चों को साक्षरता व गणित संख्या ज्ञान में दक्ष करना है। इसके लिए जो नवीन विधियां विकसित की गई है, राष्ट्रीय शिक्षा 2020 की योजना के तहत उनकी अवधारणा से ग्रहण कर बच्चों को सिखाना है। नवीन शिक्षा नीति के अंतर्गत आधारभूत साक्षरता व संख्या दक्षता का ज्ञान बच्चों के लिए आवश्यक है। इस उद्देश की प्राप्ति के लिए जिले की कक्षा 3 के 600 से अधिक शिक्षकों को पांच दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

बीआरसीसी एसबीएस जादौन ने बताया कि पूर्व में कक्षा पहली और दूसरी का प्रशिक्षण हो चुका है इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए कक्षा तीसरी का प्रशिक्षण चल रहा है। इससे पूर्व बीएसी गौतम शर्मा और श्री दिनेश चाकणकर द्वारा बहुत ही सहज अंदाज में प्रशिक्षण का महत्व समझाया गया। प्रशिक्षण मैं पर्यावरण की प्रशिक्षक रेखा शर्मा तथा रजनीश हिंडोलिया द्वारा मिशन अंकुर मिशन अंकुर एवं पर्यावरण पर महत्वपूर्ण चर्चा की गई,गणित का प्रशिक्षण राजेंद्र दंडोतिया एवं मोहम्मद सादिक द्वारा दिया गया।

## हत्या के मामले में सीएम हेल्पलाइन हटाने थाना प्रभारी को आरोपी बना रहे दबाव

*मुरैना ! जिले के नगरा थाना अंतर्गत अमोल पुरा गांव में 2 वर्ष पूर्व वन विभाग की टीम द्वारा चलाई गई ! गोली से एक युवक की मौत हो गई थी, इस मामले में हत्या का मामला दर्ज है ! मामले में एक आरोपी अभी तक फरार है, जिसके द्वारा थाना प्रभारी से मिलकर फरियादी पक्ष पर सीएम हेल्पलाइन हटाने के लिए दबाव बनाया जा रहा है ! अमोल पुरा गांव में वर्ष 2021 में बनवार की टीम द्वारा एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी ! इस मामले में सभी आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं तथा एक आरोपी फरार है ! फरियादी द्वारा आरोपी को गिरफ्तार न करने के चलते सीएम हेल्पलाइन में शिकायत की गई थी, जिसके बाद थाना प्रभारी एवं आरोपी पर दबाव बढ़ रहा है, इससे बौखलाए थाना प्रभारी नगरा नरेश निरंजन एवं फरार आरोपी राजीनामा के लिए दबाव बना रहे हैं ! इस संबंध में फरियादी पक्ष ने पुलिस अधीक्षक को शिकायत कर कार्यवाही की मांग की है !*

## भैंस चोरी प्रकरण में तमाम शिकायतों के बाद 1 माह बाद हुआ मामला दर्ज

*मुरैना ! सिविल लाइन थाना क्षेत्र के जतावर गांव में 1 माह पूर्व 2 भैंस चोरी की घटना हुई फरियादी थाने एवं पुलिस अधिकारियों के चक्कर लगाते लगाते परेशान हो गया और मामला भोपाल तक पहुंच गया, तब कहीं जाकर इस मामले में अब एफ आई आर दर्ज हुई है और पुलिस ने तीन संदेही आरोपियों के विरुद्ध चोरी का मामला दर्ज किया है ! फरियादी बीरवल पुत्र राजाराम बघेल उम्र 45 निवासी ग्राम जतावर ने रिपोर्ट दर्ज कराई की 17 जून की रात्रि 10 बजे परिवार के सभी लोग खाना पीना खाकर सो गये थे ! हमारी दो भैंसे घर के बाहर बंधी हुई थी ! रात्रि 3 बजे मैने उठकर भैंसो को देखा तो मेरी भैंस बंधे स्थान पर नही थी, हम लोगो ने अपनी भैंसो को आसपास के क्षेत्र में काफी तलाश किया लेकिन नहीं मिली ! फरियादी ने संदेह जताया है कि मेरी भैसों को देवेन्द्र पुत्र भूरा सिहं, पारथ पुत्र धौनी गुर्जर, भूरा पुत्र पुरुषोत्तम सिंह गुर्जर निवासीगण ग्राम नगर जिला धौलपुर राजस्थान के चुराकर ले गये है ! इस मामले में पुलिस द्वारा 1 माह से रिपोर्ट दर्ज नहीं की जा रही थी और फरियादी परेशान घूम रहा था, तमाम शिकायतों के बाद अब जाकर एफ आई आर दर्ज की गई है !*

# नर्सिंग ऑफिसर एसोसिएशन हड़ताल पर मुख्यमंत्री के नाम सीएस को दिया ज्ञापन

**मुरैना।** नर्सिंग ऑफिसर एसोसिएशन द्वारा नर्सिंग संवर्ग की मांगों का निराकरण करने के लिए 3 जुलाई से लगातार आंदोलन किया जा रहा है, जिसके चलते बुधवार को भी नर्सिंग स्टाफ ने हड़ताल की तथा ग्रेड पे बढ़ाने वेतन विसंगति को दूर किए जाने, डॉक्टर के साथ नर्सिंग स्टाफ को रात्रि कालीन भत्ता दिए जाने की मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सिविल सर्जन डॉक्टर गजेंद्र तोमर को ज्ञापन सौंपा। नर्सिंग स्टाफ ने बताया कि नर्सिंग ऑफिसर एसोसिएशन द्वारा पूर्व कई वर्षो से ज्ञापन देकर प्रत्यक्ष चर्चा कर मांगों के निराकरण के संबंध में निरंतर शासन विभागो से अनुरोध है कि जा रहा है कि प्रदेश के नर्सिंग संवर्ग की मांगों का निराकरण किया जाये, परन्तु मांगों का निराकरण अभी तक नहीं किया गया है, जिससे प्रदेश के नर्सिंग संवर्ग में असंतोष व्याप्त है। उनकी मांग है कि नर्सिंग संवर्ग के वेतन विसंगति को दूर किया जाये। रात्रि कालीन भत्ता डॉक्टरों को 500/- प्रति रात्रि दिया जाता है, जबकि इनके साथ संलग्न नर्सेस व अन्य पेरामेडिकल कर्मचारीयों को भी 300/- रुपये प्रति रात्री आकस्मिक चिकित्सा भत्ता दिया जाये। ग्वालियर एवं रीवा मेडिकल कॉलेज में जी.एन.एम. नर्सिंग को तीन एवं बी.एस.सी. नर्सिंग को चार वेतन वृद्धि दी गयी हैं, जबकि अन्य मेडिकल कॉलेजों में नहीं दी गयी है। विभाग द्वारा सौतेला व्यवहार किया गया है। ग्वालियर एवं रीवा मेडिकल कॉलेज की भांति अन्य शेष मेडिकल कॉलेज के नर्सिंग ऑफिसर को तीन एवं चार वेतन वृद्धि दी जाये।

# व्यापारियों ने कृषि मंडी में की हड़ताल

## एफआईआर दर्ज करने के बाद हुआ काम आरंभ

**मुरैना।** मंगलवार को कृषि उपज मंडी मुरैना में कम बोली लगने से नाराज किसान ने गोलियां चला दी, जिसमें एक किसान घायल हो गया तथा कई व्यापारी व कर्मचारी बाल-बाल बच गए। पुलिस द्वारा थाने पहुंचने के पश्चात भी एफआईआर दर्ज नहीं की गई, जिससे आक्रोशित व्यापारियों ने बुधवार को काम बंद कर दिया। सूचना मिलने पर एसडीएम एवं थाना प्रभारी सिटी कोतवाली मंडी पहुंचे और **एफआईआर** का आश्वासन दिया, तब जाकर व्यापारियों ने हड़ताल समाप्त की।

कृषि उपज मंडी समिति में व्यापारियों ने गोली चालन की घटना के बाद बुधवार की सुबह से ही अपना काम बंद कर दिया तथा हड़ताल पर बैठ गए। इसकी सूचना मंडी प्रशासन ने प्रशासनिक अधिकारियों को दी, जिस पर से एसडीएम भूपेंद्र सिंह कुशवाह एवं सिटी कोतवाल योगेंद्र सिंह वहां पहुंचे तथा व्यापारी एवं मंडी कर्मचारियों के साथ बातचीत की। व्यापारियों का कहना था कि घटना के बाद भी उनकी एफआईआर दर्ज नहीं की गई और ना ही आरोपी को अभी तक पकड़ा गया है। एसडीएम एवं टीआई द्वारा एफआईआर दर्ज करने का आश्वासन दिया गया और सुरक्षा की भी बात कही, तब कहीं जाकर व्यापारियों ने हड़ताल को समाप्त किया।

## स्वास्थ्य शिविर में सैकड़ों लोगों ने कराया परीक्षण

मुरैना ! बुधवार को टीम कमलनाथ एवं किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष द्वारा स्व. नथुआ मावई की स्मृति में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में सैकड़ों लोगों ने पंजीयन कराकर परीक्षण कर उपचार कराया ! स्व. नथुआ मावई (रंचोली बाले )की स्मृति मे आल इण्डिया प्रोफ़ेशनल कांग्रेस टीम नकुलनाथ व दिनेश गुर्जर अध्यक्ष म.प्र.किसान कांग्रेस द्वारा नि-शुल्क स्वास्थ्य शिविर राधिका मैरिज गार्डन थाने के सामने बानमोर पर आयोजित किया गया ! उक्त शिविर में आए सभी चिकित्सकों का स्वागत करने के पश्चात शिविर का शुभारंभ हुआ और उक्त शिविर में श्वष्टव,ब्लडक,सुगर आदि जाँचे निःशुल्क की गई ! आखों के ऑपरेशन निःशुल्क किए जावेगे ! शिविर प्रारम्भ से पूर्व स्व. नथुआ मावई की प्रतिमा पर पुष्प श्रद्धांजलि दी गई व सभी चिकित्स्कों व अतिथियों का शॉल श्रीफल एवं माला पहनाकर स्वागत सम्मान किया।

## निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य शिविर सम्पन्न

दैनिक पुष्पांजली टुडे



भिण्ड । आयुष विभाग मध्यप्रदेश शासन भोपाल के राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत जिला आयुष अधिकारी भिण्ड डॉ नीलम कुशवाह के नेतृत्व में आयुष औषधालय विहीन क्षेत्रों में आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है इसके अंतर्गत निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 12 जुलाई 2023 को ग्राम गजना ब्लॉक अटेर में किया गया जिसमें 115 मरीजों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाईयां वितरित की गईं। शिविर का शुभारंभ सरपंच श्री धुरंधर सिंह बघेल के द्वारा किया गया। शिविर में विभिन्न रोगों जैसे वात व्याधि, स्त्री रोग, अर्श रोग, उदर रोग, नेत्र रोग, चर्म रोग, बच्चों से संबंधित रोग आदि रोगियों का परीक्षण एवं दावा वितरण किया गया। शिविर में ग्रामीण जनों को आयुष विभाग की विभिन्न योजनाओं और क्रियाकलापों के बारे में जानकारी दी गई। शिविर में डॉ मुकेश कुमार अहिन्त शिविर प्रभारी, डॉ ममता बौद्ध, सतीश कुमार दुबे कम्पाउंडर, मुकेश वर्मा कम्पाउंडर,श्रीमती विनीता भदौरिया महिला आयुर्वेद स्वास्थ्य कार्यकर्ता, मुकेश सिंह यादव दवासाज अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अंबेडकरनगर के मालीपुर थाना के अंतर्गत ग्राम रामपुर दूबे में



**अंबेडकर नगर से रामदयाल गौतम की रिपोर्ट**

डा भीम राव अम्बेडकर बुद्ध विहार संस्थान रामपुर दूबे के सभी उपासक एवं उपासिकाओं को सादर जय भीम नमो बुद्धाय,सभी साथियों को बड़े हर्ष के साथ सूचित किया जाता है कि आज बुद्धविहार संस्थान रामपुर दूबे में वरिस्ट उपासको के साथ वर्षावास के संबध में एवम जन कल्याणकारी योजना के संबध में बृहद चर्चा एवम गोष्टी की गई। इस गोष्ठी में, दिनांक 13/08/2023 को विहार में धम्म देसना और भोजन दान का निर्णय सर्व सहमत से लिया गया,अतः सभी उपासक एवं उपासिकाओं से निवेदन है की इस धम्म दान में पूर्ण मनोयोग से साथ सहभागी बने और धम्म देसना का लाभ उठाएं।

# राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु का 13 जुलाई को ग्वालियर आयेंगी

## ट्रिपल आईटीएम के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में होंगीं शामिल

**ग्वालियर।** राष्टपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मु का 13 जुलाई को संगीत, कला एवं शिक्षा की ऐतिहासिक नगरी ग्वालियर में आगमन होगा। ग्वालियर प्रवास के दौरान राष्टपति श्रीमती मुर्मु इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इंर्फोमेशन टेक्नोलॉजी एण्ड मैनेजमेंट (ट्रिपल आईटीएम) के चौथे दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगीं। साथ ही महाराजा सर जीवाजीराव सिंधिया म्यूजियम जयविलास पैलेस देखने जायेंगीं। ट्रिपल आईटीएम के दीक्षांत समारोह में राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर, केन्द्रीय नागरिक उड्डयन एवं इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, ट्रिपल आईटीएम के बोर्ड ऑफ गवनर्स के चेयरपर्सन दीपक घैसास एवं ट्रिपल आईटीएम के निदेशक प्रो. श्रीनिवास सिंह मंचासीन रहेंगे।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राष्टपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मु 13 जुलाई को प्रातः 11.35 बजे वायु मार्ग द्वारा एयर फोर्स स्टेशन महाराजपुरा पहुँचेंगीं। राष्टपति श्रीमती मुर्मु यहाँ से महाराजा सर जीवाजीराव सिंधिया म्यूजियम जयविलास पैलेस जायेंगीं। जयविलास पैलेस में राष्टपति श्रीमती मुर्मु महाराजा जीवाजीराव सिंधिया की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन करने के बाद म्यूजियम की लाइनेज गैलरी, मराठा गैलरी, इंडस्ट्रीयल गैलरी व प्रदर्शनी सहित दरबार हॉल इत्यादि का अवलोकन करेंगीं।राष्टपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मु अपरान्ह 2.40 बजे गोले का मंदिर मुरैना लिंक रोड़ पर स्थित अटल बिहारी वाजपेयी भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी एवं प्रबंधन संस्थान (ट्रिपल आईटीएम) पहुँचेंगीं। राष्टपति



श्रीमती मुर्मु यहाँ पहुँचने के बाद स्लम एरियाज (मलिन बस्तियों) के 10 बच्चों को ट्रिपल आईटीएम के स्टूडेंट ज्ञान मूमेंट के तहत पुस्तकें भेंट करेंगीं। इसी कड़ी में ट्रिपल आईटीएम के बॉयज हॉस्टल की आधारशिला रखेंगीं। इस कार्यक्रम के बाद राष्टपति श्रीमती मुर्मु ट्रिपल आईटीएम के चौथे दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगीं। राष्टपति श्रीमती मुर्मु दीक्षांत समारोह में भाग लेने के बाद सायंकाल 4.40 बजे ट्रिपल आईटीएम से एयर फोर्स स्टेशन महाराजपुरा के लिये रवाना होंगीं। राष्टपति श्रीमती मुर्मु सायंकाल लगभग 5 बजे एयर फोर्स स्टेशन से विमान द्वारा जयपुर के लिये प्रस्थान करेंगीं।

**परमाणु ऊर्जा आयोग के पूर्व चेयरमेन काकोडकर मानद उपाधि से होंगे विभूषित-** राष्टपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मु ट्रिपल आईटीएम के दीक्षांत समारोह में परमाणु ऊर्जा आयोग के पूर्व चेयरमेन पद्मविभूषण डॉ. अनिल काकोडकर को डॉक्टर ऑफ साईंस की मानद उपाधि से विभूषित करेंगीं।

**सात विद्यार्थियों को गोल्ड मैडल एवं 283 विद्यार्थियों को मिलेंगी उपाधियाँ-**ट्रिपल आईटीएम के चौथे दीक्षांत समारोह में सात विद्यार्थियों को गोल्ड मैडल प्रदान किए जायेंगे। साथ ही 283 विद्यार्थियों को बीटेक, एमटेक एवं मैनेजमेंट की उपाधियाँ प्रदान की जायेंगीं।

## राष्ट्रीय राजमार्ग खुलने से अमरनाथ यात्रियों ने लगाए जयकारे, पहलगाम बेस कैंप पहुंचा जत्था

पहलगाम। अमरनाथ यात्रा पिछले 5 दिनों से भारी बारिश होने की वजह से जम्मू कश्मीर राष्ट्रीय राजमार्ग में भूस्खलन होने की वजह से आगमन बाधित था जिसके कारण 6000 अमरनाथ यात्रि रामबन के चन्द्र कोटि बेस्केंप में रुके हुए थे। यात्रियों के उत्साह और जज्बे को देखते हुए प्रशासन एवं आर्मी द्वारा अस्थाई रूप से सड़क निर्माण कर अमरनाथ यात्रियों का आवागमन चालू किया । बम बम भोले सेवादल के लगभग 348 यात्रियों ने चन्द्र कोटि रामबन से पहलगाम पहुंचे साथ में अन्य सभी 6000 यात्री भी कानवाई के साथ पहलगाम पहुंचे।प्रशासन की ओर बेस केंप में बहुत अच्छी व्यवस्था की गई थी, अमरनाथ यात्रियों में भारी उत्साह है बम बम भोले हर हर महादेव के जयकारों के साथ जत्था पहलगाम में पहुंचकर झूम उठा। बम बम भोले सेवादल का जत्था कल प्रातः 4 बजे यात्रा



प्रारम्भ करेगा 14 किलोमीटर यात्रा तय कर शेषनाग पहुंचकर विश्राम करेगा।बम बम भोले सेवादल ग्वालियर जत्थे में डॉ. संजय पाण्डेय, सत्येन्द्र शर्मा, नवीन जायसवाल, नवल किशोर कुशवाह, मनीष शर्मा, मनोज शर्मा, कमलेश झा राजू, रामजी लाल, आनंद राजौरिया, अरविंद व्यास, पंकज जायसवाल, आकाश शर्मा, जसवंत गुर्जर, शैलेन्द्र शर्मा, देवेन्द्र सिंह गुर्जर, गौरव नरवरिया, संजय शर्मा, मोहन झा, हरिशंकर प्रजापति, योगेश बंसल, विवेक शर्मा, श्याम बाथम, दीपक शिवहरे, हरी सिंह यादव,प्रशांत दुबे आदि जत्थे में शामिल है।

पुष्पांजली टुडे
आम सूचना / कोर्ट नोटिस
साइज फिक्स रूपये

| | |
|---|---|
| 8×4 cm | 1120 |
| 10×4 cm | 1400 |
| 12×4 cm | 1680 |

अन्य साइज 50/- sq.cm.
बुकिंग के लिए संपर्क करें
0751-4050784
8269307478

पुष्पांजली टुडे
गुमशुदा / खोया -पाया
नाम परिवर्तन
साइज फिक्स रूपये

| | |
|---|---|
| 8×4 cm | 1050 |

अन्य साइज 50/- sq.cm.
बुकिंग के लिए संपर्क करें
0751-4050784
8269307478

उपलब्ध हैं।
फाइनेंस / लोन / होम लोन
ग्वालियर मुरैना बामोर गोहद मालनपुर डबरा इत्यादि जगह में आप मकान खरीदने ओर प्लॉट खरीद कर मकान बनाने के लिए लोन के हैं जरुरत तो करें हमसे संपर्क।
संपर्क करें
07974596469

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478